सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
मंगलवार, 07 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 91
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## ख़ास ख़बर

मेघालय

### आज शपथ में शामिल होंगे मोदी

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। सत्ताईस फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में 59 में से 26 सीट पर अपनी पार्टी को बड़ी जीत दिलाने के बाद नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) प्रमुख संगमा मंगलवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, कल प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। वह राजभवन में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

ममता निशाने पर

### क्यों झिझक रही है सीबीआई: शुभेंदु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उच्च पदों पर आसीन लोगों और एक दशक पुराने शारदा चिटफंड घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। अपने पत्र में, अधिकारी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करोड़ों रुपए के घोटाले की सबसे बड़ी लाभार्थी थीं, लेकिन सीबीआई उनके पद के कारण उनके खिलाफ कार्वाई करने में संकोच कर रही है।

प्याज के दाम में गिरावट

### किसानों ने पीएम से लगाई गुहार

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर के किसानों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्याज के घटते दाम से राहत दिलाने और उसके निर्यात पर रोक हटाने की मांग करते हुए डाक से उन्हें प्याज भेजे हैं।शेतकारी संघटना और शेतकारी विकास मंडल के किसानों ने सोमवार को कहा कि प्याज की एक खेप प्रधानमंत्री को भेजी गई है।



एक किसान ने कहा, हमारी मांग है कि केंद्र सरकार प्याज एवं अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर रोक तत्काल हटाए। इससे किसानों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार खुलने में मदद मिलेगी। हम उन किसानों के लिए 1000 रुपए प्रति क्विंटल क्षतिपूर्ति भी मांगते हैं जिन्होंने पिछले साल अपनी उपज बेची। उसने दावा किया, लागत मूल्य बहुत अधिक है। किसानों को वैश्विक बाजार की दरों से उर्वरकों, कीटनाशकों, पेट्रोल एवं डीजल के लिए भुगतान करना होता है। लेकिन जब उपज की बिक्री की बारी आती है तो हमें भारतीय मूल्य के हिसाब से बेचना पड़ता है।

## मनीष सिसोदिया को तिहाड़ जेल संख्या-1 में रखा जाएगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली



● सीबीआई ने अदालत से कहा कि उसे आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता की अब और हिरासत की जरूरत नहीं है।

आबकारी नीति मामले में 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया यहां तिहाड़ के केंद्रीय कारागार संख्या-1 में रखे जाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिसोदिया की सात दिनों की सीबीआई रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें सोमवार अपराह्न विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत से कहा कि उसे आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता की अब और हिरासत की जरूरत नहीं है। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद सिसोदिया को तिहाड़ लाया गया और आवश्यक प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उन्हें जेल संख्या-1 में रखा जाएगा।

इस बीच, आप ने कहा कि आबकारी नीति मामले में सिसोदिया से और पूछताछ के लिए उनकी सीबीआई द्वारा हिरासत मांगने की कोई जरूरत नहीं थी। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया, उनकी जमानत अर्जी पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अदालत को दो विकल्पों पर विचार करना था, या तो उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाए, या उनकी पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाई जाए। सीबीआई के पास कोई सवाल नहीं था, उनसे पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगने का कोई आधार नहीं था।

## सुनिश्चित करूंगा कि एमवीए के घटक दल महाराष्ट्र विस, लोकसभा चुनाव साथ लड़ें

एजेंसी ■ पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव चाह रहे हैं और वह यह सुनिश्चित करेंगे कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दल राज्य का अगला विधानसभा चुनाव तथा 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ें। पवार ने पुणे शहर के कस्बा पेठ विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक रवींद्र धंगेकर से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह टिप्पणी की। धंगेकर राकांपा प्रमुख से मिलने के लिए पुणे स्थित उनके आवास पहुंचे थे। पवार ने कहा कि भाजपा के गढ़ कस्बा पेठ में हुए विधानसभा उपचुनाव में आम लोगों ने धंगेकर को चुना, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से उनके लिए काम कर रहे हैं।



यह पूछे जाने पर कि क्या आगामी निकाय चुनावों में एमवीए के घटक दल साथ लड़ने का फॉर्मूला दोहराएंगे, पवार ने कहा कि राकांपा में उनके सहयोगी इस पहलू पर गौर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, मेरा प्रयास यह सुनिश्चित करना होगा कि एमवीए के घटक दल एक साथ रहें, संयुक्त फैसले लें और राज्य विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों का मिलकर सामना करें। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव चाह रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं राज्य में घूम रहा हूं और इस दौरान लोग मुझसे कह रहे हैं कि वे बदलाव चाहते हैं। वे चाहते हैं कि हम (विपक्ष) साथ आएं। यह लोगों की भावना है। एमवीए का गठन 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद हुआ था, जब उद्धव ठाकरे और उनकी पुरानी सहयोगी भाजपा की राहें जुदा हो गई थीं। इसमें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं। कस्बा पेठ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-एमवीए उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर ने भाजपा प्रत्याशी हेमंत रासने पर 10,800 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी।पवार ने शुरुआत में कहा था कि कस्बा पेठ में जीत मुश्किल नजर आ रही है, क्योंकि भाजपा सांसद गिरीश बापट वहां के मतदाताओं के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

उन्होंने कहा, बापट की खूबी यह है कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तो मजबूत संबंध थे ही, साथ ही गैर-भाजपा दलों के साथ भी उनके रिश्ते बेहद सौहार्दपूर्ण थे।

सीबीआई मुख्यालय ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री के घर पर कोई तलाशी या छापेमारी नहीं की गई।

## सीबीआई ने राबड़ी से उनके आवास पर पूछताछ की



■ पटना

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उनके पति लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने की अवधि के दौरान नौकरी के बदले भूखंड मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने सोमवार को उनके आवास पर पूछताछ की। चार कार में सवार होकर पटना के दस सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर करीब 10.30 बजे पहुंची सीबीआई की टीम राबड़ी के आवास पर करीब पांच घंटे तक रही।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय ने बताया कि इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के घर पर कोई तलाशी या छापेमारी नहीं की गई। इसमें कहा गया है कि हाल ही में राजद अध्यक्ष, उनकी पत्नी और परिवार के करीबी कुछ अन्य सदस्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए जांच एजेंसी को केंद्र की मंजूरी मिली थी। राबड़ी के आवास पर छापेमारी की चर्चा से नाराज कई समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए उच्च सुरक्षा वाले इलाके में पहुंच गए और उनमें से कुछ ने गुस्से में अपने कपड़े उतार दिए और अगले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा के सफाए की कसम खाई।राबडी के बडे पुत्र और बिहार सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव जो कुछ सौ मीटर की दूरी पर रहते हैं, एक साइकिल पर सवार होकर अपनी मां के घर पहुंचे।सीबीआई के अधिकारियों के जाने के बाद जब राबड़ी अपने घर से बाहर निकलीं और उनकी कार बिहार विधान परिषद के लिए रवाना हो रही थी, तो अविचलित दिखीं और उन्होंने मुस्कुराते हुए आसपास खड़े लोगों की तरफ सिर हिलाया।बिहार विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंची राबड़ी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा, शुरू से चलता रहता है, ऐसी कोई बात नहीं है।

**● उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कार्रवाई को राजनीतिक बताया**

लालू के राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले उनके छोटे पुत्र और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि उनका परिवार केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का लगातार विरोध करता है और यही कारण है कि सीबीआई की टीम उनकी मां और प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता लालू प्रसाद के पास तत्कालीन रेल मंत्री के रूप में रोजगार प्रदान करने की कोई शक्ति नहीं थी, जिन्हें नौकरी के बदले भूखंड के मामले में आरोपित किया गया है।

### नहीं झुकने के कारण लालू और उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा : कांग्रेस

● **नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नौकरी के बदले जमीन के कथित घोटाला मामले में सोमवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पूछताछ किए जाने की भर्त्सना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने यह दावा भी किया लालू प्रसाद और उनका परिवार नहीं झुका, इसीलिए उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, जो विपक्षी नेता भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, उन्हें ईडी-सीबीआई के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। आज राबड़ी देवी जी को परेशान किया जा रहा है। लालू प्रसाद जी व उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जाता रहा है, क्योंकि वे नहीं झुके। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, हम राबड़ी देवी जी के खिलाफ इस कार्वाई की भर्त्सना करते हैं। यह कोई संयोग नहीं है।

ममता की तीखी नज़र

### भाजपा-कांग्रेस से समान दूरी बनाएगी टीएमसी

क्षेत्रीय दलों का समूह बनाने पर नजर

**कोलकाता।** पूर्वोत्तर में अपेक्षा से कम प्रदर्शन के बाद तृणमूल कांग्रेस अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव पर काम कर रही है। इसके तहत वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखते हुए दोनों खेमों के विरोधी क्षेत्रीय दलों का एक समूह बनाने की कोशिश में है। त्रिपुरा में, टीएमसी को नोटा में डाले गए वोटों से भी कम वोट मिले, जबकि मेघालय में पार्टी के विधायकों की संख्या 11 से घटकर पांच हो गई। वहीं ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी को अल्पसंख्यक बहुल सागरदिघी में झटका लगा है। यह सीट पहले तृणमूल कांग्रेस के पास थी।

## माणिक साहा मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी बार त्रिपुरा की बागडोर संभालेंगे

एजेंसी ■ अगरतला

त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक में सोमवार को माणिक साहा को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने का निर्णय लिया गया। भाजपा के एक प्रवक्ता ने विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से साहा को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने का समर्थन किया।इससे पहले, ऐसी अटकलें थीं कि साहा संवेदनशील सीमावर्ती राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर केंद्रीय मंत्री



प्रतिमा भौमिक के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। त्रिपुरा में भाजपा के विधायक दल के नेता माणिक साहा ने सोमवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य से मुलाकात करके नई सरकार के गठन का दावा पेश किया। भाजपा की त्रिपुरा इकाई के एक उपाध्यक्ष ने साहा के बारे में कहा है, वह शिक्षित हैं, सभ्य हैं और उनकी छवि भी साफ सुथरी है। मुझे उम्मीद है कि विधायक दल की बैठक में उनके अलावा किसी और का नाम नहीं आएगा। शपथ ग्रहण समारोह आठ मार्च को होगा। इसमें शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा भी पहुंचेंगे।भाजपा ने 32 सीट जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है, जबकि उसके सहयोगी दल इंडिजीनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने एक सीट जीती है।

### रत्नागिरी रैली में उद्धव के भाषण में गुस्सा, हताशा : फडणवीस

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रत्नागिरी की रैली में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे के भाषण में केवल गुस्सा और हताशा देखी जा सकती है और इसमें कुछ भी नया नहीं है। ठाकरे ने रविवार को खेड़ में हुई एक रैली में शिवसेना के शिंदे गुट को पार्टी का नाम और मूल चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और इसे सत्ता में बैठे लोगों का गुलाम करार दिया। ठाकरे ने दावा किया कि यह बाल ठाकरे ही थे, जो राजनीतिक रूप से अछूत भाजपा के साथ खड़े थे।

अखिलेश यादव ने दिए संकेत

## अमेठी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी उतारेगी

■ लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहे अमेठी क्षेत्र से अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार उतारने के संकेत दिए हैं। सपा अभी तक अमेठी लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारने से परहेज करती रही है।

रविवार को अमेठी के दौरे पर गए अखिलेश ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा, अमेठी में ग़रीब महिलाओं की दुर्दशा देखकर मन बहुत दुखी हुआ। यहां हमेशा वीआईपी जीते और हारे हैं, फिर भी यहां ऐसा हाल है तो बाकी प्रदेश का क्या कहना। अगली बार अमेठी बड़े लोगों को नहीं, बड़े दिलवाले लोगों को चुनेगा। सपा अमेठी की दरिद्रता को मिटाने का संकल्प उठाती है। अखिलेश ने ट्वीट के साथ अपने अमेठी के दौरे की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं।



अमेठी लोकसभा क्षेत्र अर्से से नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। सपा यहां से अपना प्रत्याशी खड़ा करने से परहेज करती रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पराजित किया था। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के नेता अजय राय ने हाल ही में कहा था कि राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव फिर से अमेठी से लड़ेंगे, जिसके साथ नेहरू-गांधी परिवार के पुराने संबंध हैं। राय ने इस साल की शुरुआत में राजनीतिक गढ़ में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के वास्ते समर्थन जुटाने के लिए एक यात्रा के दौरान यह बात कही थी। राय ने कहा था, गांधी-नेहरू परिवार के अमेठी से पुराने संबंध हैं.. इसे कोई कमजोर नहीं कर सकता।

मेघालय

### भाजपा की वाशिंग मशीन तेजी से चल रही है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा द्वारा कोनराड संगमा का समर्थन किए जाने को लेकर सोमवार को कटाक्ष किया कि भाजपा की वाशिंग मशीन तेज गति से चली रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव से पहले संगमा के नेतृत्व वाली सरकार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बोले गए तीखे हमलों से जुड़े वीडियो साझा करते हुए यह आरोप भी लगाया कि नतीजे आने के बाद अब भाजपा को स्मृतिलोप हो गया है।

## इलाहाबाद विवि का मुस्लिम छात्रावास खाली कराने के बाद सील किया गया

■ प्रयागराज

उमेश पाल हत्याकांड के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्रावास से सदाकत खान को गिरफ्तार किए जाने के एक सप्ताह बाद इसे सोमवार को खाली कराकर सील कर दिया गया।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एसीपी शिवकुटी राजेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को मुस्लिम छात्रावास को खाली कराकर सील कर दिया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्रावास के अधीक्षक डाक्टर इरफान अहमद खान की ओर से छात्रों के लिए रविवार को जारी आवश्यक सूचना में कहा गया कि पांच मार्च, 2023 को हॉस्टल प्राधिकरण की बैठक में फैसला किया गया कि वर्तमान हालात को देखते हुए छह मार्च, 2023 को सभी छात्र अपने सामान के साथ हॉस्टल खाली कर दें।

इस नोटिस में कहा गया है, छह मार्च, 2023 से ईद तक यह बंद रहेगा। अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि उमेश पाल हत्याकांड के षड़यंत्र में गाजीपुर निवासी सदाकत खान पुत्र शमशाद खान का भी नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद 27 फरवरी को उसे गिरफ्तार कर लिया था।

जरा हट के... बग्गा




आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा

## ब्रिटिश शासन ने भारत की शिक्षा प्रणाली को बर्बाद कर दिया

■ करनाल

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ब्रिटिश शासकों पर भारत की शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि ब्रितानी शासन से पहले देश की 70 प्रतिशत आबादी साक्षर थी। भागवत ने आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर परिसर में एक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया। ब्रिटिश शासकों के इस देश में शासन करने से पहले हमारी 70 प्रतिशत आबादी साक्षर, शिक्षित थी और उस शिक्षा के आधार पर हर कोई अपनी आजीविका कमाने के तरीके ढूंढ़ता था और बेरोजगारी लगभग नगण्य थी।

अंग्रेजों के आने के बाद, उन्होंने हमारे शिक्षा मॉडल को यहां छोड़ दिया, लेकिन इसे अपने देश में लागू किया...। भारत में जब अंग्रेजों ने शासन करना शुरू किया था, उससे पहले यहां की शिक्षा प्रणाली ने न केवल लोगों को आत्मनिर्भर और रोजगारपरक बनाया, लेकिन ब्रिटिश शासकों ने उस व्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

यात्रा | उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के साथ बैठक के बाद मांडविया ने यह बात कही....

## चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए होगी त्रिस्तरीय स्वास्थ्य देखभाल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्र उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र ही मजबूत स्वास्थ्य देखभाल एवं आपात प्रबंधन अवसरंचना तैयार करने जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि यह त्रिस्तरीय ढांचा होगा ताकि श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के साथ बैठक के बाद मांडविया ने यह बात कही। रावत ने उन लाखों श्रद्धालुओं के वास्ते स्वास्थ्य एवं आपात अवसंरचना के विकास में केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया जो हर साल चारधाम की यात्रा पर जाते हैं। बयान के अनुसार रावत ने मांडविया को इस दुर्गम मार्ग पर तीर्थयात्रियों के सामने आने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों, पिछले कुछ सालों में हृदयाघात जैसी आपात स्वास्थ्य स्थिति के कारण कई यात्रियों की मौत के बारे में बताया। उत्तराखंड के मंत्री ने कहा कि जान गंवाने वाले यात्रियों में से कई अन्य गंभीर बीमारियां से भी पीड़ित रहते हैं। मांडविया ने केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा, तीर्थयात्रा पर जाने वालों के लिए यथाश्रेष्ठ स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य आपात अवसंरचना उपलब्ध कराई जाएगी।बयान के अनुसार देशभर के चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातोकोत्तर विद्यार्थियों को सुदृढ़ स्वास्थ्य अवसंरचना के तहत तैनात किए जाने का प्रस्ताव है।



मांडविया ने कहा, यह अनुभव पीजी विद्यार्थियों के लिए कौशल एवं क्षमता निर्माण के तौर पर काम आएगा। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आपात दवाइयों पहुंचाने के लिए मानव रहित विमानों (ड्रोन) का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था भी बनाई जा रही है कि जरूरत पड़ने पर मरीजों को एम्स ऋषिकेश, दून मेडिकल कॉलेज और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज ले जाया जा सके।

## अमेरिका-रूस को एक मंच पर लाने में भारत की बड़ी सफलता

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से यूक्रेन बहुत उम्मीद लगाये हुए था लेकिन पश्चिमी देशों के अड़ियल नजरिये के चलते ऐसी संभावना नहीं बनी। फिर भी अमेरिका व रूस के विदेश मंत्रियों का एक मंच पर आना महत्वपूर्ण जरूर कहा जा सकता है। भारत ने स्पष्ट किया कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद दुनिया में शांति व विकास के लिये जो ढांचा बना था, वह कारगर सिद्ध नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री का इशारा संयुक्त राष्ट्र की कार्यशैली और स्थायी सदस्य देशों की मनमानी की तरफ था। कहा जा सकता है कि इस सम्मेलन के दौरान कई देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ताएं सार्थक रहीं। भारत ने अमेरिकी विदेशमंत्री से बातचीत में आर्थिक व सामरिक मसलों को विस्तार दिया। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध, हिंद प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों व सामरिक महत्व की चर्चा विदेश मंत्री जयशंकर व ब्लिंकन के बीच हुई। मानवाधिकारों व अन्य मुद्दों पर भारत को घेरने की कोशिशों को नकार कर अमेरिका ने अहसास कराया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र व आर्थिक शक्ति के रूप में उभरते भारत के हितों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका ने भारत को एक बड़े आर्थिक व सामरिक सहयोगी के रूप में स्वीकारा है। अमेरिका व रूस को एक मंच पर साधना भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी ही कही जाएगी।वहीं दूसरी ओर जी-20 सम्मेलन में भले ही गतिरोध के चलते यूक्रेन मुद्दे पर साझा बयान की कोशिश सिरे न चढ़ पायी हो, लेकिन दुनिया के देश भारत आकर यहां की सांस्कृतिक विविधता और जनजीवन से रूबरू जरूर हुए। उल्लेखनीय है कि जी-20 का मकसद जलवायु परिवर्तन, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, खेती, खाद्य सुरक्षा, पोषण, भ्रष्टाचार, प्रवास, आतंकवाद व नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दों के समाधान की कोशिश करना रहा है। इन संगठनों की बैठकें लगातार चल रही हैं। जी-20 के विभिन्न संगठनों से जुड़े विदेशी प्रतिनिधि लगातार भारत आ रहे हैं। बैठकों के बाद उनके भ्रमण कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी से उन्हें भारत की समृद्ध विरासत से रूबरू होने का मौका मिल रहा है।

*यूक्रेन इस बैठक से बहुत उम्मीद लगाए हुए था लेकिन पश्चिमी देशों के अड़ियल नजरिये के चलते ऐसी संभावना नहीं बनी। फिर भी अमेरिका व रूस के विदेश मंत्रियों का एक मंच पर आना महत्वपूर्ण जरूर कहा जा सकता है। भारत ने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद दुनिया में शांति व विकास के लिये जो ढांचा बना था, वह कारगर सिद्ध नहीं हो पाया है।*

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## यमराज्य के निवासी पिता

*ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये।*
*तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो देवेषु कल्पताम्।* य 19.45

पितर शब्द पिता का बहुवचन है। पिता शब्द में पा (रक्षणे) धातु का संस्कार है। व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और संसार की जो रक्षा करते हैं पाप से, दुरित से, अनिष्ट से, क्षति से, हानि से, दुराचार से, अधर्म से, विनाश से, अभाव से, मृत्यु से, बंधन से, दुःख से, वे पिता हैं। पिता शब्द का प्रयोग यहां इसी अर्थ में हुआ है। माता, पिता, आचार्य, उपदेष्टा और नेता, इन पांचों की 'पिता' संज्ञा है। यम शब्द में यमन एवं शमन का भाव अंतर्निहित है। यम से पूर्व नि लगाने से नियम शब्द है। यम से पूर्व सं लगाने से संयम बनता है। यम पांच हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। नियम पांच हैं, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान। संयम तीन हैं- धारणा, ध्यान, समाधि। जो पिता पांच यमों, पांच नियमों और तीन संयमों का पालन करते हैं वे यम के राज्य में निवास करनेवाले पिता हैं। यम के राज्य में निवास करनेवाले पिता ही स-मान होते हैं, मान के योग्य होते हैं, परम आदरणीय होते हैं, सत्करणीय होते हैं। सचमुच, ऐसे पिता ही माननीय और सम्मानास्पद होने चाहिए। जो पिता यम के राज्य में निवास नहीं करते हैं, जो यम, नियम और संयम का पालन नहीं करते हैं।

### होली हमारे सोम यज्ञ का प्रतीक

होली का उत्सव हमारी सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपरा का उत्सव है। प्राचीन परंपरा में इसे 'सोम यज्ञ' के नाम से जाना जाता था। जो वर्तमान समय में विलुप्त हो गया है ।लोक संस्कृति में होली हास परिहास, व्यंग्य विनोद ,मौज मस्ती और सामाजिक समरसता का महोत्सव है। इस पर्व को नवानवेष्ठि यज्ञ पर्व भी कहा जाता है। खेत खलियान से किसान नया अन्न लाकर होली की अग्नि में सेकर हवन करते हैं ,प्रसाद वितरित करते हैं। यह हमारी सनातन परंपरा है ।होली का संबंध भक्त पहलाद के साथ भी है ।काम दहन से भी इसका संबंधहै ।यह वसंतोत्सव का भी प्रतीक है ।आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

डॉ. विनोद दीक्षित

**पत्र मिला**

## सब ताकत का खेल

अब तक दुनिया में समझौतों से एकतरफा ढंग से हटना पश्चिमी देशों (खास कर अमेरिका) का विशेषाधिकार समझा जाता था। लेकिन अभी पिछले महीने ही रूस ने परमाणु हथियारों के नियंत्रण की संधि न्यू स्टार्ट में अपनी भागीदारी को निलंबित करने का एकतरफा फैसला लिया। फिर ऐसा ही एक निर्णय अर्जेंटीना ने ले लिया। अर्जेंटीना का कदम सीधे तौर पर ब्रिटेन को चुनौती है। लेकिन ब्रिटेन की इस पर प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम ही रही है। जाहिर है, यह बनी नई परिस्थितियों का असर है। आलोचकों ने कहा है कि संकटग्रस्त ब्रिटेन को अब दुनिया में एक कमजोर देश के रूप में देखा जा रहा है। इसका लाभ अर्जेंटीना ने उठाया है। अर्जेंटीना ने 2016 में फॉकलैंड द्वीपसमूहों को लेकर हुए करार को रद्द करने का फैसला किया है। फॉकलैंड को अर्जेंटीना में मालविनास द्वीप समूह के नाम से जाना जाता है। ब्रिटेन ने साल 1833 में इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिन पर हमेशा से अर्जेंटीना का दावा रहा है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर जबरन कब्जा कर लिया था, जिसको लेकर दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ, जिसमें अर्जेंटीना हार गया।

**जयराम सक्सेना,नई दिल्ली**

# रोजगार संभावनाओं में हिंसक प्रवृत्तियों का समाधान

**कुरुक्षेत्र से भगवान कृष्ण का गीता का वह उपदेश हुआ जो आज भी भ्रम में पड़े लोगों को रास्ता दिखाने में चूकता नहीं। पिछला वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर अमृत महोत्सव मनाने का था इसलिए देश के कोने-कोने से राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' का स्वर उठता रहा। वंदे मातरम् की ध्वनि पंजाब में फिर से गूंजी।**

**सुरेश सेठ**
लेखक समसामयिक मामलों के जानकार हैं।

भारतीयता की बात कहते हुए इस देश के नागरिकों के भाल गर्व से ऊंचे हो जाते हैं क्योंकि भारतीयता उस आधार पर खड़ी है जिसे हम नैतिक संस्कृति की अदम्य ज्वाला कहते हैं। जो हमारी पाठशालाओं से लेकर अध्यात्म केन्द्रों और देश के बहुत से नागरिकों के अंतस तक में पैठ जमाकर बैठी है। यह वह अनोखी नैतिक संस्कृति है जिसने पंजाब में ऋग्वेद को जन्म दिया। कुरुक्षेत्र से भगवान कृष्ण का गीता का वह उपदेश हुआ जो आज भी भ्रम में पड़े लोगों को रास्ता दिखाने में चूकता नहीं। पिछला वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर अमृत महोत्सव मनाने का था इसलिए देश के कोने-कोने से राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' का स्वर उठता रहा। वंदे मातरम् की ध्वनि पंजाब में फिर से गूंजी। वहां शहीद-ए-आजम भगत सिंह का स्मरण भी आम लोगों के मन में नई ऊर्जा पैदा करने लगा। अब खबर है कि उत्तर प्रदेश में शहीद चंद्रशेखर आजाद की 151 फुट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी, जो दुनिया में किसी भी क्रांतिकारी की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी। राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत लोग महात्मा गांधी द्वारा बताए गए अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे। भारत सरकार की उस खोज में उनके साथ जुटेंगे जहां अंग्रेजीयत से छुटकारा पाकर इतिहास का पुनर्लेखन हो रहा है। वह इस देश के दबे-कुचले परन्तु वीर लोगों का स्वाधीनता संग्राम को लेकर स्मरण है। जिस संग्राम ने इस देश पर 150 वर्ष शासन करने वाले विशाल अंग्रेजी साम्राज्य से मुक्ति दिलाई। लेकिन अब देश के आजाद हो जाने के बाद इतिहास के रणबांकुरों की खोज-सम्मान, राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा की स्थापना, अध्यात्म और योग को पुनः महत्व देने के बावजूद जो चित्र उभरकर आ रहा है उसमें नयी पीढ़ी राह से भटकी लगती है। नैतिक संस्कृति के पहरुए अर्थ नीति के विघटन के साथ-साथ मौन क्यों हो गये लगते हैं? भौतिकवादी मूल्यों ने कुछ इस प्रकार देश के आम लोगों को घेर लिया कि नैतिकता की बातें करना काल्पनिक सा लगता है। इसकी जगह स्वार्थ साधने की प्रवृत्ति मुखर हो गई है। शार्टकट के रास्ते का बोलबाला है। ऐसा कि अपना काम साधने के लिए अगर हिंसा का सहारा भी लेना पड़े तो कोई हर्ज नहीं।

देश में ऐसी बातें उभरकर आ रही हैं कि जो शायद आज से पचास वर्ष पहले सोची भी नहीं जा सकती थीं। देश और विशेष रूप से पंजाब की जेलों को ही लें। इन जेलों का नाम सुधार गृह रखा गया था। समझा गया कि जेल काटने वाले अपराधी नैतिक मूल्यों का पुनः सृजन अपने अंतस में करेंगे और जेल काटने के बाद जिम्मेदार नागरिक बनकर बाहर आएंगे। लेकिन जब बाहर भी भौतिकवादी मूल्यों का बोलबाला हो, जब माफिया तंत्र



ही एकमात्र सत्य लगे ,जब जेल की दीवारों में कैद गैंगस्टरों के 'लिंक' विदेशों तक जुड़ जाएं और ये लोग मिल-जुलकर एक ऐसी बंदूक संस्कृति को जन्म दे दें जिसमें से फिरौतियों और धमकियों, गोलीबारी और लूटमार का माहौल बाहर आता नजर आए।

सरकार किंकर्त्तव्यविमूढ़ नजर आए और नये भौतिकवादी मूल्यों के प्रसार से आम जनता त्रस्त और आक्रांत हो तो ऐसे समाज के चेहरे को फिर से स्वच्छ घोषित करना बड़ी चुनौती है। जो कुछ तरनतारन की जेल में हुआ, वह उन सभी घोषणाओं के विपरीत था जिसमें यह कहा गया था कि अब जेलों में कैद अपराधी तत्वों को उनकी जगह बता दी जाएगी। उन्हें जेल के अधिकारियों के साथ मिलकर नशे का अवैध व्यापार नहीं करने दिया जाएगा, उनके पास चोरी से पहुंचे मोबाइलों को जैमर लगा दिये जाएंगे। बाहर के अपराधी गठजोड़ करके सार्वजनिक जीवन व जेलों के इस माहौल को भी हिंसा की रणस्थली नहीं बनाएंगे। लेकिन बीते रविवार को केन्द्रीय जेल गोइंदवाल साहिब में गैंगवॉर हो गई। एक गुट ने दूसरे गुट के दो सदस्यों की हत्या कर दी। तीन अन्य घायल हो गए। मरने वाले दोनों एक कुख्यात गैंग के सदस्य थे। इस माहौल के हालात देखिये कि कनाडा में बसे एक गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर इस भिड़ंत की जिम्मेदारी ले ली। यह सारा घटनाक्रम लोगों को भयभीत कर देता है। इन सब गैंगस्टरों की जड़ें सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल गैंगस्टरों तक जाती हैं जो इस समय आपस में दो गुटों में बंट चुके हैं।इस मामले में हालांकि जेल सुपरिंटेंडेंट ने कह दिया है कि वह छुट्टी पर था, सूचना मिलते ही जेल पहुंचा, अब मामले की जांच हो रही है। लेकिन जांच-पड़ताल करने और कानून के रखवालों द्वारा आक्रामक रवैया अपनाने की बातें पंजाब की जेलों से लेकर पंजाब के आम लोगों और वहां से चलकर दिल्ली तक फैली हैं। यह निर्मम माहौल है जहां ऐसे हत्याकांड हो रहे हैं जिनकी आदमी कल्पना भी नहीं कर सकता। व्यक्तियों को मारकर अंगों को जंगलों में फेंका जा रहा है । दरअसल, बेकार युवाओं को काम से नहीं बल्कि अनुकम्पा घोषणाओं से बहलाने का प्रयास होता है। इसी कारण वे बेरोजगार होकर नशे और बंदूक माफिया के चंगुल में फंस रहे हैं। अधोपतन इतना कि आज कहीं भी स्थापित नैतिक मूल्य का कोई दम नहीं भरता।

निस्संदेह सांस्कृतिक जीवन में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना एक ऐसा भारतीय राष्ट्रवादी कर्म है जो जल्द से जल्द स्थापित हो जाना चाहिए। अगर हमने इस देश को अपने कर्त्तव्य-पथ पर चलते हुए उसे पुण्य-पथ की संज्ञा देनी है। ऐसी ही संज्ञा देश के रहनुमाओं द्वारा दी जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि देश ने तरक्की करके दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों में पांचवां स्थान हासिल कर लिया। कभी अपने शासक रहे ग्रेट ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया और अब जल्दी ही तीसरा स्थान ग्रहण कर लेने की विकास संभावनाओं की घोषणा हो रही है। लेकिन ऐसी विकास संभावनाओं में ये खतरनाक प्रवृत्तियां एक ऐसा अनैतिक संकट खड़ा कर रही हैं जिससे पार पाना आसान तो नहीं होगा। इनसे पार पाने के लिए न तो अध्यात्म, न योग, न पुस्तकों का पुनर्लेखन काफी है। जरूरी है तो जो जिस योग्य है उसको उसीके मुताबिक इस देश में काम मिले, रोजी-रोजगार मिले और वह इस स्वाभिमान से भर जाए कि वह अपने बूते अपनी रोटी कमा रहा है। लेकिन ऐसी कोई कार्य योजना फिलहाल नजर नहीं आ रही। केवल कह दिया जाता है कि सरकार और निजी क्षेत्र की क्षमता इस देश के केवल 30 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने की है। 70 प्रतिशत लोग तो रोजगार तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे। लेकिन प्रशिक्षण, प्रोत्साहन के अभाव में स्टार्टअप उद्योगों के आंकड़े देश के भाग्य नियंताओं को चेतावनी देते हैं कि कहीं बात मूल रूप से गलत हो रही है। दरअसल, नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना स्वाभिमान पूर्ण रोजगार की गारंटी से ही हो सकती है।

### किसने क्या कहा...



"युवाओं को कुशल बनाकर ही भारत बन सकता है तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः मोदी



सुनिश्चित करूंगा कि एमवीए के घटक दल महाराष्ट्र विधानसभा, लोकसभा चुनाव साथ लड़ें : शरद पवार



नहीं झुकने के कारण लालू और उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा हैः प्रियंका गांधी वाद्रा



जब आठ साल की थी तब मेरे पिता ने मेरा यौन उत्पीड़न कियाः खुशबू सुंदर"

### कार्टून...




# नकारात्मकता के दहन से ऊर्जावान होने का वक्त

**समस्या**
**सीताराम गुप्ता**

यद्यपि सड़क चौड़ी थी फिर भी जाम जैसी स्थिति बनी हुई थी। थोड़ा आगे जाने पर पता चला कि सड़क के ऊपर ही लकड़ियों का एक ढेर पड़ा था। लकड़ियों के साथ-साथ दूसरा कूड़ा-कर्कट भी ढेर की शोभा को बढ़ा रहा था। होली नजदीक थी और ये सब होलिका दहन की तैयारियों का ही एक हिस्सा था। होली से पहले हर नगर, हर गली में कमोबेश ऐसे ही दृश्य दिखलाई पड़ते हैं। होली का त्योहार प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगोत्सव की पूर्व संध्या पर होलिका दहन किया जाता है। हर गांव, हर कस्बे और हर शहर में एक निश्चित स्थान पर वसंत पंचमी के दिन होली की स्थापना की जाती है और चालीस दिनों तक लोग यहां पर लकड़ियां डालते रहते हैं। होलिका दहन के दिन उचित मुहूर्त में उसे विधि-विधान के साथ अग्नि से प्रज्वलित कर दिया जाता है।

होलिका दहन क्यों किया जाता है? कहा जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक बलशाली असुर स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वरभक्त था। प्रह्लाद की भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए परंतु उसने ईश्वरभक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जल सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ जाए। होलिका ने ऐसा किया लेकिन होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त होने पर भी वह जल गई और प्रह्लाद बिना वरदान के भी बच गया। तभी से होली बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है।

होली का संदेश यही है कि वैर-भाव, ईर्ष्या और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका तो जल जाए किंतु प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रह्लाद अक्षुण्ण रहे। अच्छाई के सामने बुराई टिक नहीं सकती, उसका समाप्त हो जाना निश्चित है पर आज के माहौल में प्रश्न उठता है कि क्या मात्र इस दहन से हम नकारात्मकता से मुक्त हो जाते हैं? बुराई के भी अनेक स्तर और स्वरूप होते हैं। क्या इस दहन के साथ हम वर्तमान बुराइयों से मुक्त होने का प्रयास करते हैं? फिर शहरों-कस्बों में जिस रूप में यह त्योहार मनाया जाता है क्या वह आज के युग में सही और प्रासंगिक है? परंपरागत रूप में लकड़ियों को जलाना क्या ठीक कहा जा सकता है? वास्तव में इस फेर में हम अपने पर्यावरण को नष्ट और संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। हम होलिका दहन के नाम पर टनों लकड़ी एक बार में अग्नि में भस्म कर देना, वो भी आज के ग्लोबल वॉर्मिंग के दौर में, क्या उचित है? एक ही दिन में हज़ारों टन ग्रीन हाउस गैसों का ज़हर हमारे पर्यावरण में घुल जाता है। लकड़ी, कूड़ा जलाने से एक ओर तो वायु में ऑक्सीजन जैसी लाभदायक गैसों की कमी हो जाती है तथा दूसरी ओर घातक ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि होती है। एक तो विकास की गतिविधियों के कारण हम अपने पर्यावरण की लगातार उपेक्षा कर इसे प्रदूषित कर ही रहे हैं और ऊपर से उत्सवों के जरिये स्थिति और चिंताजनक बना रहे हैं। बाजारवाद स्थिति को और भयावह बना रहा है। ऐसे में होली तथा अन्य पर्वों पर इस परिदृश्य को बदलने की एक कोशिश करके देखें।

एक बार गांधी जी ने भी होली जलाई थी जो होली थी विदेशी वस्त्रों की। देश के दस्तकारों और कारीगरों के हाथों से काम छिन रहा था इसलिए गांधी जी द्वारा विदेशी कपड़े का बहिष्कार कर उसकी होली जलाना उचित ही नहीं अनिवार्य और सार्थक भी था। यदि होली ही जलानी है तो कोई ऐसी होली जलाइए जो हमारे विकास में सहायक हो। कोई ऐसी होली जलाइए जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने की बजाय सुधरे। हम साफ-स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। जलानी ही है तो ऐसी होली जलाइए जिससे हमारा भौतिक ही नहीं सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश भी ऐसा हो जाए कि हम निर्द्वंद्व-निर्भय होकर जी सकें। शोषण, उत्पीड़न से सुरक्षित रह सकें।

यह तभी संभव है जब हम मन में व्याप्त नकारात्मक भावों की होली जला दें। हमें तटस्थ दृष्टा तमाशबीन बने रहने की बजाय अपने अंदर जो गलत है उसका विरोध करने की शक्ति उत्पन्न करनी चाहिए। अपने अज्ञान-अहंकार, राग-द्वेष, असहिष्णुता, वैमनस्य, परपीड़न आदि घातक मनोभाव बदलने का प्रयास करें। आइए, प्रतीकात्मक होलिका की अग्नि में मन में व्याप्त समस्त नकारात्मक भावों का कचरा जला डालें। जिस प्रकार पेड़ अपनी पुरानी पीली पत्तियों को फेंक नई पत्तियां धारण कर पुनर्जन्म पाता है हम भी नकारात्मक भावों से मुक्त होकर सकारात्मक भावों का विकास कर नए जीवन में प्रवेश करें। परिवर्तन के अभाव में विकास अथवा पुनर्जन्म संभव नहीं।

### उपदेश

एक राजा वृद्ध हो गया था, उसके 10 बेटे थे। 10 राजकुमारों में अगला राजा कौन बनेगा, ये राजा को समझ नहीं आ रहा था। बहुत सोचने के बाद राजा ने राजकुमार को बुलाया सभी को एक-एक बीज दिया। राजा ने कहा, 'आप सभी ये बीज ले जाएं और अपना-अपना बीज गमले रोपने के बाद एक साल तक इसकी देखभाल करें। जिस राजकुमार का पौधा सबसे सुंदर और हरा-भरा रहेगा, मैं उसे अगला राजा घोषित करूंगा।' सबसे छोटा राजकुमार बहुत सीधा और ईमानदार था। उसने बीज को एक गमले में रोप दिया। बहुत देखभाल की, लेकिन वह बीज पनप ही नहीं पा रहा था। जबकि अन्य नौ राजकुमारों के बीजों से सुंदर-सुंदर पौधे उग आए थे। सभी राजकुमार अपनी-अपनी मेहनत से खुश थे, सिर्फ सबसे छोटा राजकुमार दुखी था। जब एक साल पूरा हो गया तो सभी राजकुमार अपने-अपने गमले लेकर राजा के पास पहुंच गए। छोटा राजकुमार जो गमला लेकर आया उसमें पौधा था ही नहीं, क्योंकि उसका बीज पनप नहीं सका था। सभी राजकुमार छोटे भाई का मजाक उड़ा रहे थे। राजा ने सभी राजकुमारों के गमले देखे और सबसे छोटे राजकुमार को राजा घोषित कर दिया। राजा का ये फैसला सुनकर सभी हैरान थे। तब राजा ने कहा कि मैंने आप सभी को जो बीज दिए थे। वे सभी बीज खराब थे। आप सभी ने अपना-अपना बीज बदलकर मुझे धोखा देने की कोशिश की है, लेकिन सबसे छोटे राजकुमार ने ईमानदारी से उसी बीज की देखभाल की और जब वह बीज नहीं पनपा, तब भी उसने बेईमानी नहीं की। एक ईमानदार व्यक्ति को ही राजा नियुक्त किया जा सकता है। इसीलिए मेरे बाद सबसे छोटा राजकुमार ही राजा बनेगा।

**जिस राजकुमार का पौधा सबसे सुंदर और हरा-भरा रहेगा, मैं उसे अगला राजा घोषित करूंगा।' सबसे छोटा राजकुमार बहुत सीधा और ईमानदार था। उसने बीज को एक गमले में रोप दिया। बहुत देखभाल की, लेकिन वह बीज पनप ही नहीं पा रहा था।**

## टूनार्मेंट के तीसरे दिन तिकुनिया और गिरजा पुरी की टीम ने बाजी मारी

**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वितीय की ओर से शनिवार को गिरिजापुरी के शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज मैदान में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तीसरे दिन महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और अंसारी क्लब बर्दिया के बीच मैच खेला गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया की टीम विजई रही ' दूसरा मैच मुखिया फार्म और शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज की टीम विजई रही तीसरा मैच महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया और कोहली के बीच खेला गया जिसमें महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया की टीम विजई रही चौथा मैच मुखिया फार्म और शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज की टीम विजई रही। इस टूनार्मेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 5 मार्च को शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर खेला जाएगा तथा उसी दिन गिरजापुरी एसएसबी कैंप में वालीबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से किशोर की मौत, दो अन्य घायल

**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** थाना बौंडी के मंझारा तौकली खालेपुरवा गांव में रविवार सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक किशोर की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है, लेकिन दो घंटे बाद भी कोई पहुंचा नहीं है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सांगवा समदा निवासी बलम निषाद के यहां गौना कार्यक्रम था। जिस पर टेंट का सामान लगा था।।कार्यक्रम निपटने के बाद रविवार को मंझारा तौकली गांव निवासी पंकज कुमार ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गांव टेंट का सामान उठाने जा रहे थे। ट्रैक्टर पर गांव निवासी बृजेश कुमार यादव (15) पुत्र ननकऊ और आनंद (9) भी बैठे थे। जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली पंकज चला रहा था। थाना क्षेत्र के मंझारा तौकली के खालेपुरवा गांव में रविवार सुबह 9.30 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे नीचे दबकर बृजेश यादव की मौत हो गई। जबकि आनंद घायल हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ग्राम प्रधान नारायण यादव ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक राम सागर यादव हैं। पंकज चला रहा था। वहीं घटना के दो घंटे बाद भी पुलिस गांव नहीं पहुंची है। प्रभारी निरीक्षक गणनाथ प्रसाद का सीयूजी नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम गांव भेजी जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उधर घटना के बाद से ही चालक पंकज फरार हो गया है।

## सुरक्षा के लिए निकाला गया जवानों ने पूरे शहर का भ्रमण किया



**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** शहर की सड़कों पर रविवार को आरएएफ, पीएससी और पुलिस के जवान मार्च के लिए निकल पड़े काफी संख्या में पुलिस बल को देख सभी सहम गए हालांकि मार्च आम लोगों की सुरक्षा के लिए निकाला गया जवानों ने पूरे शहर का भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के साथ आरएएफ, पीएससी और पुलिस जवानों ने सड़क पर पैदल मार्च किया। जिले में शब ए बरात व होली त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च के जरिये आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

## आयुक्त सभागार में आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये जा सकते हैं



**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के मा. सदस्यगण महेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार व संतोष कुमार वर्मा का 07 मार्च 2023 को जनपद गोण्डा में आगमन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जॉच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बावत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह मण्डलायुक्त सभागार, गोण्डा में उपस्थित होकर आयोग के समक्ष लिखित/मौखिक रूप से आंकलन प्रस्तुत कर सकते है, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि नगर निकायों में अन्य पिछडा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किया जाना है। जिसके लिए आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों से नगर निकायों के जनप्रतिनिधि जैसे मेयर/उपमेयर/पूर्व उपमेयर/नगर पालिका अध्यक्ष/नगर पालिका उपाध्यक्ष/पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष/पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, सदस्य व कुछ जातीय संगठनों/संस्थानों/पक्ष/विपक्ष के प्रतिनिधियों का मत राजनीतिक आरक्षण के सम्बन्ध में जाना जाय।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में महिला सशक्तिकरण गोष्टी का हुआ आयोजन

**अमर ख्याल संवाददाता बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा पर महिला सशक्तिकरण गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें अधीक्षक डॉ आर एन वर्मा द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी डॉ महेश विश्वकर्मा द्वारा भी महिलाओं को सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई।स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरी राम आर्य शरद चंद्र मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# खाना बनाते समय हुए भयानक विस्फोट से दहला रामपुर धोबिया

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत वर्मा ने लिया घटनास्थल का जायजा

अमर ख्याल । अशोक कुमार

बहराइच। थाना खैरीघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया में आज रविवार प्रातः लगभग 8:40 बजे गांव निवासी जुम्मन पुत्र बकरीदी के घर में खाना बनाते समय पटाखों में आग लगने से भयानक विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयानक था कि संपूर्ण गांव दहल उठा। विस्फोट मे खाना बना रहीं महिला 1- सूका उर्फ बत्तूला उम्र 70 वर्ष पत्नी बकरीदी 2- बिट्टी पत्नी जुम्मन उर्फ अकबर उम्र 35 वर्ष 3- शबनम पुत्री जुम्मन उर्फ अकबर उम्र 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि 4- शाहिद पुत्र जुम्मन उर्फ अकबर उम्र 7 वर्ष को भी चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल महिलाओ को ग्रामीणों तथा स्थानीय चौकी बैबाही पुलिस की मदद से जिला चिकित्सालय बहराइच रवाना किया गया जहां से गंभीर हालत के चलते 2 महिलाओं को लखनऊ भेज दिया गया है। घटनास्थल पर थाना खैरीघाट प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र बहादुर सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं तथा घटना का जायजा लिया।

वहीं सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी महसी जयप्रकाश त्रिपाठी ने पहुंचकर परिस्थितियों का गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि घटना घटित हुई है इस संबंध में क्षेत्राधिकारी महसी के द्वारा जांच की जा रही है,, जल्द ही कारण स्पष्ट तथा कार्यवाही सुनिश्चित करवाई जाएगी। इसी के साथ बम स्क्वायड टीम, फायर ब्रिगेड टीम, क्राइम ब्रांच की टीम तथा राजस्व टीमों ने पहुंचकर आवश्यक तथ्यों की जानकारी जुटाई है। थाना मोतीपुर प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुचें। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

अमर ख्याल ।अशोक कुमार

बहराइच। रंगो का पर्व होली के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने खण्ड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों (पं0) को आसन्न त्यौहारों के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर होलिका दहन स्थलों के आस-पास समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराये जाने के साथ-साथ समस्त कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर संवेदनशील स्थानों पर एलर्ट रहने के निर्देश दिये गये। वर्ष 2021-22 एवं वर्ष-2022-23 अन्तर्गत चयनित ओडीएफ प्लस ग्रामों में कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को विकास खण्ड स्तर पर निरंतर समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में संतोषजनक प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित कर खण्ड विकास अधिकारियों से आरोप पत्र निर्गत करायें। ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 निर्माण कार्य 20 मार्च, 2023 तक पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। कार्ययोजना के अनुसार ग्रामों को एक्पाइरिंग, राइजिंग एवं मॉडल कटेगरी में मार्क कराने के कार्य की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अभी तक किसी भी विकास खण्ड का कोई भी ग्राम पंचायत एक्पाइरिंग कटेगरी में मार्क नहीं किया गया है। जबकि जनपद के ग्राम पंचायतों में तरल अपशिष्ट का कार्य हुआ है। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह के भीतर जिन ग्रामों में ठोस अथवा तरल अपशिष्ट में से कोई भी एक कार्य प्रारम्भ हो गया है, उसे एक्सपारिंग कटेगरी में मार्क कर दिया जाय। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान प्लास्टिक एकत्रित करने की कार्यवाही की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक विकास अधिकारियों (पं) को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर राजस्व ग्रामों में तैनात सफाई कर्मचारियों के माध्यम से प्लास्टिक एकत्रित कराने की कार्यवाही की जाय। अभियान की फोटोग्राफ्स भी शेयर किये जाय। बैठक में प्रत्येक तहसील के कम से कम 01 विकास खण्ड में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र की स्थापना किये जाने की संस्तुति समिति द्वारा की गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक प्रजापति, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर डीपीआरओ उमाकान्त, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे

# फूस मकान में लगी अचानक भीषण आग, 60 हजार नगदी सहित घर का सारा सामान जल कर राख

### आग बुझाते समय सदमे में आया गृह स्वामी, इलाज के दौरान हुई मौत

अमर ख्याल संवाददाता



बहराइच। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रंजीतबोझा में रविवार देर शाम लगभग 8 बजे एक फूस के मकान में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे घर में रखा 60 हजार रुपये नगदी, कपड़ा, बर्तन, बिस्तर, खाद्यान्न, सहित सारा सामान जल कर राख हो गया। सूत्रों की माने तो वहीं गृह स्वामी ननकू उर्फ.रंडीबाज (46) पुत्र मुमताज विकराल रूप धारण कर चुके आग को देख सदमें में आ गया जिससे वह उसे बर्दास्त नही कर सका और हालत बिगड़ गयी और वहीं अचेत हो कर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने आनन फानन में तुरंत रुपईडीहा के एक प्राईवेट नर्सिंग होम भर्ती कराया जहाँ दौरान इलाज मृत्यु हो गई। मृतक के दो पत्नियाँ, 3 लड़कियां, दो लड़के हैं। मृतक ननकू की पत्नी ने बताया कि हम लोग अपनी लड़की की शादी करना चाहता थे उसके लिए मेरे पति मेहनत मजदूरी करके 60 हजार रुपये नगदी व कपड़े ? लाकर घर में रखा था। वह भी जल कर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रुपईडीहा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया है। आग कैसे लगी अभी तक अस्पष्ट नहीं हो सका है। काफी मशक्कत व अथक प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, तब तक घर में रखा सारा सामान व नगदी जल कर राख हो चुका था। अग्निकांड की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार नवाबगंज शैलेश अवस्थी भी

**सोमवार को सुबह**

घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को सरकारी कोष से सहायता दिलवाले का आश्वासन दिया है।

## सड़क हादसों में एक महिला की मौत व अन्य एक घायल



**अमर ख्याल अशोक कुमारनानपारा बहराइच।** कोतवाली नानपारा के हाडा बसहरी के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने खेत से मिट्टी लेने जा रही 40 वर्षीय महिला को मारी टक्कर मौत। सोमवार की दोपहर हाड़ा बशहारी गांव के पास बशहारी निवासी रहीसा खेत से मिट्टी लेने जा रही थी तभी नानपारा से अगैय्या जा रहे मोटरसाइकिल सवारों ने टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चला रहे नानपारा किला मोहल्ला निवासी 28 वर्षिय साजिद व 15 वर्षीय हादी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल नीचे खाई में चली गई घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने सड़क को जाम कर दिया पुलिस ने मशक्कत कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता खुलवाया । प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है वहीं दूसरी ओर नानपारा टोल प्लाजा के पास मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकराई कार सवार लोग बाल-बाल बचे जबकि मोटरसाइकिल पर सवार महिला घायल हो गई जिसका इलाज निजी चिकित्सालय में चल रहा है।

# होली पर्व पर जिले के गौआश्रय स्थलों में चारे-पानी के विशेष प्रबन्ध करने के डीएम ने दिए निर्देश

अमर ख्याल संवाददाता



बहराइच 06 मार्च। जनपद में निराश्रित गोंवंश संरक्षण की वर्तमान स्थिति, नवीन निमार्णाधीन गोआश्रय स्थलों की प्रगति, नवीन निर्मित गोआश्रय स्थलों संरक्षित गोवंशों की प्रगति, नवनिर्मित वृहद गो संरक्षण के बाउण्ड्रीवाल निर्माण, वर्ष 2022-23 में भरण पोषण हेतु प्राप्त वितरित एवं अवशेष धनराशि की समीक्षा, तहसील स्तर पर 06 विकास खण्डों में कैटर कैचर वाहन खरीद की प्रगति, राज्य वित्त आयोग की धनराशि से 15 प्रतिशत सम्बन्धित ग्राम पंचायत के संचालन खाते में पूल की गई धनराशि के प्रगति इत्यादि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए भूसे की किसी प्रकार की समस्या ने होने पाये इसके लिए अभी से भूसा खरीद की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय। ताकि समय से भूसा खरीदा जा सके। डीएस ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया रंगों के पर्व होली के अवसर पर गौआश्रय स्थलों पर चारे-पानी इत्यादि की विशेष व्यवस्था की जाय। बैठक के माध्यम से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जिले के कृषकों एवं दानवीरों से अपील की है कि निराश्रित गोवंशों हेतु गत वर्ष की भांति अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान करे। डीएम डॉ. चन्द्र ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने स्तर से अपील जारी कर इच्छुक कृषकों से अधिक से अधिक मात्रा में भूसा प्राप्त करें ताकि संरक्षित गौवंशो के लिए भूसे की किसी प्रकार की समस्या न रहे। खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक खाली स्थान पर गौवंशो के लिए चारे की भी बुआई करा दे ताकि गौवंशो के लिए हरे चारे की व्यवस्था भी हो सके। होली पर्व को मद्देनजर रखते हुए यह भी निर्देश दिये गये हैं कि जिले का कोई भी अधिकारी जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बगैर जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं हेतु तहसील मुख्यालय पर बैठके आयोजित कर नियमित समीक्षा करते रहें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, धामी अजीत परेस, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## विधायक ने किया प्राथमिक विद्यालय का शिलान्यास और भूमि पूजन



**अमर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच।** पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया नव स्वीकृत प्राथमिक विद्यालय का शिलान्यास और भूमि पूजन। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी , प्रा शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा उमा शंकर तिवारी विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ,छोटू तिवारी ,कपीश सिंह देव कृष्ण काका ,मंगल प्रसाद शुक्ला,राज किशोर तिवारी सहित निर्माण प्रभारी अभिकेष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## 50 शीशी नेपाली कणार्ली शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशान्त कुमार वर्मा जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम व अवैध शराब बनाने व बेचने व तस्करी करने वालो व के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.03.2023 को का0 धनन्जय कुमार मय का0 भ?त यादव व एसएसबी के साथ देखभाल क्षेत्र , रोकथाम अपराध होली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध शराब बेचने व बनाने व तस्करी करने वालो के विरुद्ध अभियान के क्रम मे भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 651/2 के पास से समय 11.55 बजे एक प्लास्टिक की बोरी में 50 शीशी नेपाली कणार्ली शराब के साथ अभियुक्त त्रिभुवन सोनकर पुत्र मोनी सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं0 15 जमुनहा राष्ट्र नेपाल को गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 58/2023 धारा 60/63 उत्तर प्रदेश शुल्क आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

## अभिलेख में महिला को दिखाया मृत, वीडीओ निलंबित



**अमर ख्याल अशोक कुमार**

**बहराइच।** विकास खण्ड शिवपुर के मटेरा कला गांव निवासी एक महिला को विपक्षियों से मिलभगत कर ग्राम विकास अधिकारी ने परिवार रजिस्टर नकल में मृत दिखा दिया था। महिला ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई थी। जांच में शिकायत सही मिलने पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है। शिवपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा कला गांव निवासी गुड़िया देवी के पति रामानुज की मौत हो चुकी है। महिला का आरोप था कि पति की मौत के बाद वह सात वर्षीय बेटी मीनाक्षी के साथ रहती है। जमीन के लालच में जेठ श्रीकांत, रमाकांत और जेठानी मोहनी देवी ने ग्राम पंचायत अधिकारी यासिर शकील और पंचायत सहायक के पति पंकज वर्मा ने सांठगांठ करके महिला का नाम परिवार रजिस्टर में मृत घोषित करवा दिया। महिला अपने जिंदा होने की तख्ती लेकर डीएम दफ्तर गई। डीएम ने टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। इस खबर का प्रकाशन अमृत विचार ने प्रमुखता से किया था। जांच में आरोप सही मिले। जिस पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय ने ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील को निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में ग्राम विकास अधिकारी जिला मुख्यालय से अटैच रहेंगे।

## एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह का आयोजन

**अमर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच।** कैसरगंज अंतर्गत लखनऊ बहराइच राजमार्ग स्थित फिरोजपुर के निकट एफैकस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह का उद्घाटन श्री एच०पी०मौर्या (सेक्रेटरी सी.बी.एस. ई प्रयागराज) ने किया। इस दौरान छात्रों-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्?कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने लोगो को समाज मे फैली बुराइयों के बारे में जागरूक किया और उन्हें दूर करने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत व वन्दना से की गई। इसके बाद प्री-प्राइमरी के छोटे छोटे बच्चों यादगार प्रस्तुति ने दशर्कों तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा बच्चों ने जल संरक्षण, बाल मजदूर, से टू नो प्लास्टिक, फंडामेंटल राइट्स इम्पोर्टेंस, वृक्ष संरक्षण इत्यादि मनमोहक कार्यक्रम पस्तुत किये। और जागरुकता फैलाने हेतु नाटक भी प्रस्?तुत किया। क्लासिकल नृत्य के साथ नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों का उत्साह वर्धन करने के कैसरगंज के एस.डी.एम महेश कुमार कैथल, शदद्दन सिंह कोतवाल कैसरगंज, अजहर हुसैन, संदीप सिंह विसेन, प्रमोद कुमार गुप्ता लोकतंत्र सेनानी, नासिर हुसैन, डॉक्टर इश्तियाक, समीना मंसूर, रुबीना सहीर, तारिक बकाउल्लाह, गोलू सिंह, अनवर खान, मंसूर हुसैन, कमाल अहमद, आफताब आमिर, सब्बू मंसूरी, माजिद मुल्ला उपस्थिति रहे। आये हुये सभी का प्रबंधक मशकूर हबीब ने शुक्रिया अदा किया।

## सड़क पर मवेशी से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल

**अमर ख्याल संवाददाता कर्नलगंज (गोण्डा)** सड़क पर निकले पशु से टकराकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज लाया गया जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक घटना कर्नलगंज से परसपुर मार्ग स्थित ग्राम बलमत्थर अमृतपुरी बाबा स्थान के पास की है। कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कुम्हरौरा निवासी रामगोपाल उम्र करीब 55 वर्ष रविवार को छोटी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से परसपुर गए थे, जहां से वापस आ रहे थे। अभी ग्राम बलमत्थर स्थित अमृतपुरी बाबा स्थान के पास पहुंचे थे। उसी बीच सड़क पर निकले पशु की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सभी क्षेत्रों में परचम लहरा रही हैं महिलाएं, घनश्याम मिश्रा

## (महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित हुआ अनन्ता व शुभ होली कार्यक्रम)

अमर ख्याल संवाददाता



गोण्डा। महिलाएं सशक्त हो चुकी हैं और वे अपने दमखम के बल पर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। उक्त बातें महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित अनन्ता व शुभ होली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डा० उज्ज्वल कुमार ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिससे किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। सभी लोग अपनी बेटियों को उचित शिक्षा प्रदान करें, जिससे वे आगे बढ़कर देश में अपना योगदान दें। मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 100 से अधिक महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो के साथ मिष्ठान व गुलाल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चैधरी, प्रधानाचार्य गीता त्रिपाठी, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह, जिला समन्वयक राज कुमार आर्य, शिवगोविन्द वर्मा, आशीष मिश्रा, पंकज राव, सिद्धनाथ पाठक, ध्रुवचन्द्र सहित अन्य उपस्थित रहे।इन्हे मिला सम्मानबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत आयोजित मेगा इवेंट में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें पुलिस विभाग से सोमा तिवारी व सुमन यादव सहित 15 महिला पुलिसकर्मियों, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दीपा मिश्रा सहित 10 छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की 25 महिलाओं, जिला उद्योग विभाग से उषा तिवारी सहित 15 महिलाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग से 6 महिलाओं, बेसिक शिक्षा विभाग से 15 महिलाओं, चाइल्ड लाइन से अर्चना झा, ऋचा वर्मा, नन्दनी मिश्रा, अलका पाण्डेय, अनीता मौर्या सहित अन्य को महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो के साथ मिष्ठान व गुलाल देकर सम्मानित किया गया तथा होली की शुभकामनाएं दी गईसीएचसी बभनजोत में मना कन्या जन्मोत्सवमहिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षक डा. तरून कुमार मौर्या व विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जयप्रकाश यादव ने किया।उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कन्या को जन्म लेने वाली 10 महिलाओं को हिमालय बेबी किट व कपड़े वितरित किया। इस दौरान परामर्शदाता जितेन्द्र मिश्रा, डा. जयप्रकाश वर्मा, डा. अजय, डा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अपमिश्रित अवैध कच्ची शराब बनाते हुए अभियुक्त एवं अभियुक्ता समेत गिरफ्तार

अमर ख्याल संवाददाता

मनकापुर (गोण्डा)पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन /अवैध अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ थाना मनकापुर के कोतवाल चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के उपरोक्त कुशल निर्देशन में अवैध कच्ची शराब तस्करी करने वाले तस्कर अपराधी को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तार करके सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही कर तत्परता दिखाते हुए कहा कि अगर कोई भी अवैध कच्ची शराब की तस्करी करता हुआ पाया गया तो चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तारी करके संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी। थाना कोतवाली मनकापुर के कोतवाल चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के उपरोक्त कुशल निर्देशन में अवैध कच्ची शराब तस्करों को चिन्हित कर गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव से टीम किया गठित, कोतवाल चितवन कुमार ने कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली



मनकापुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब बनाते ह ु ए अभियुक्त/अभियुक्ता 01. रामवृक्ष 02. रामविलास व 03.छिनका को उनके घर ग्राम मडुआडीह से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपियों में कुल 12.50 ली० अपमिश्रित अवैध शराब मय 500 किलोग्राम यूरिया व 300 ग्राम नौशाद बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना को0मनकापुर में आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता

उ0नि0 संजीव चौहान मय टीम सहित मौजूद रहे

# थाना क्षेत्र में निवास कर रहे पुलिस पेंशनर की गोष्ठी



**अमर ख्याल संवाददाता**

**कौड़िया बाजार (गोंडा)** उच्च अधिकारी गण के उपरोक्तकुशल निर्देशन में थाना कौड़िया बाजार के थाना अध्यक्ष विद्यासागर पांडे ने आज थाना क्षेत्र में निवास कर रहे पुलिस पेंशनर की गोष्ठी की गई, जिसमें थाना क्षेत्र के पुलिस पेंशनर आए जिनसे उनकी व्यक्तिगत वह पारिवारिक समस्याओं के बारे में जानकारी की गई तथा सूक्ष्म जलपान कराया गया सबसे खुशी की बात यह रही की ग्राम पिसैया में सुंदरलाल मिश्रा पुत्र राम मनोहर मिश्रा तथा सतीश मिश्रा पुत्र सुंदरलाल मिश्रा जो आपस में पिता पुत्र हैं और दोनों लोग पुलिस पेंशनर हैं दोनों लोग स्वस्थ हैं और काफी प्रसन्न रहें, सुंदरलाल मिश्रा को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

# होली सहित अन्य पर्व शान्तिपूर्ण मनायें : थानाध्यक्ष



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** होली को लेकर सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत गांवों में शहजादनगर थानाध्यक्ष ने होली सहित अन्य पर्व शान्तिपूर्ण मनाने की अपील की। इस मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों व स्थानीय ग्रामीणों ने शांति व्यवस्था कायम करने में जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। लोगों ने थानाध्यक्ष को आश्वस्त किया गया कि इस बार की होली क्षेत्र के लोगों के लिए सभ्भावना का संदेश लेकर आएगी। इस मौके पर शहजादनगर थानाध्यक्ष शरद पवार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि थाना पुलिस प्रशासन त्योहारों को लेकर शांति व्यवस्था कायम करने में प्रयत्नशील है, इसके लिए आम सभी के सहयोग की जरूरत है। कहा कि लोगों को आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने में सहयोग करने की नैतिक जिम्मेवारी है। लोगों ने आश्वासन दिया कि वे महापर्व को अमन चैन के साथ मनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# अज्ञात वाहन की भींषण टक्कर से बाईक सवार की मौत

**अमर ख्याल संवाददाता**

**परसपुर (गोण्डा)** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज-परसपुर सीबीएन मार्ग पर पंचमपुरवा आंटा स्थित पेट्रोल पम्प के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी।मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर कर्नलगंज-बेलसर नवाबगंज मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब पाँच बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मवइया चौकी विशुनपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी निवासी अमन सिंह पुत्र दीपक सिंह की दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया जहाँ पर चिकित्सक ने अमन सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पहुँचे उपनिरीक्षक चन्द्रसेन वर्मा ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। परसपुर राजाटोला निवासी औसकुमार सिंह ने बताया कि मृतक अमन सिंह उसका दामाद है जो कि गत दिवस अपनी ससुराल राजा टोला आया था।सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे के करीब अपनी ससुराल से अपने घर जाने के लिए निकला था कि कुछ ही दूरी पँचमपुरवा स्थित पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक लेकर गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही ससुराल समेत परिवारीजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो रो कर कर बुरा हाल है।

# घर घुसकर चोरी करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार




**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन मे एवं पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा महोदय के निरीक्षण मे उ0नि0 सुनील कुमार मय हमराह का0 प्रेम कुमार उपाध्याय तलाश वाँछित में मामूर था कि जरिये मुखबिर की सूचना पर थाना चौरीचौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 96/2023 धारा 380/457/411 भादवि थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर से सम्बंधित अभियुक्त सृजन सिंह पुत्र सन्दीप सिंह निवासी महादेवा अदाई थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तारी किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# बाइक की टक्कर से घायल साईकिल सवार बुजुर्ग की मौत

## (परिजनों में मचा कोहराम। थाने में दी गई तहरीर)

अमर ख्याल शिव आशीष



कर्नलगंज (गोण्डा) क्षेत्र के गोंडा-लखनऊ राजमार्ग स्थित इण्डेयन पेट्रोल पंप पिपरी के सामने सोमवार की सुबह बाइक और साइकिल सवार आपस में टकराकर घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करनैलगंज ले जाया गया। साईकिल सवार बुजुर्ग की हालत नाजुक होने के वजह से जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया गया।जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।मिली जानकारी के मुताबिक मो० यासीन पुत्र स्व० हुसैनी आयु लगभग 65 वर्ष निवासी मोहल्ला नई बस्ती सदर बाजार थाना कोतवाली करनैलगंज गोंडा दिनांक 06.03.2023 सुबह करीब 08:30 बजे अपनी साइकिल से पिपरी स्थित अपने खेत पर सरसों काटने जा रहे थे।अभी इण्डेयन पेट्रोल पंप पिपरी के सामने पहुंचे ही थे कि मोटर साइकिल जिसका नंबर यूपी 43ए एच7732 तेज रफ्तार आकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह वहीं सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए और साईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया गया जहां हालत नाजुक देखकर डाक्टर ने जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया। जिनको एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर जिला चिकित्सालय गोंडा के डाक्टर द्वारा उन्हें मृतक घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना करने वाली बाइक को कोतवाली ले गई है। वहीं घटना के संबंध में मृतक के पुत्र ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु पुलिस को तहरीर दी है। दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

# बंद कमरे में पांच साल तक पत्नी होती रही प्रताड़ित

## (पति व परिवार वाले खेलते रहे मानवता को शर्मसार करने वाला खेल)

अमर ख्याल शिव आशीष

मनकापुर(गोण्डा) जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के कुड़ासन स्थित पंडित पुरवा मे एक महिला को 05 वर्षों तक नशे की गोली खिलाकर उसे प्रताड़ित करने का मामला उजागर हुआ है। आरोप है कि दबंग ससुराली जनों ने महिला के पति के साथ मिलकर मानवता को शर्मसार करने वाला ये घृणित खेल खेला है। जब सब्र की सीमा टूट गयी तो महिला ने अपर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है । मामला मनकापुर कोतवाली के कुड़ासन बाजार स्थित पंडित पुरवा से जुड़ा है। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली ?सुनीता ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद शुरू में दो तीन महीने तक सब कुछ ठीक था,उसके बाद सास ससुर पति के साथ घर के सभी सदस्य हैवान बन गए और उसे पागल बताकर 05 वर्षों तक कमरे में बंद करके नशे की गोलियां खिलाते रहे। उसने बताया कि कई दिनों तक उसे खाने के लिए खाना तक नही दिया जाता था और उसका मोबाइल भी छीन लिया गया था। पिता व भाई से भी अपना दुखड़ा नही सुना सकती थी। जिंदगी नरक से बदतर बन गयी थी। मृत्युंजय पाठक का कहना है कि उन्होंने बहन सुनीता की शादी हिन्दू रीति रिवाज के तहत जून 2018 को मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के कुड़ासन स्थित पंडित पुरवा निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र शिव कुमार के साथ किया था। शादी में हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया था। इसके बावजूद दौलत के पुजारी ससुराली जनों द्वारा उनकी बहन को सभी से छिपाकर 05 वर्षों तक प्रताड़ित किया गया। मृत्युंजय ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसके बुजुर्ग पिता जब बेटी से मिलने उसके ससुराल गए तो उन्हें घर न ले जाकर बाजार से ही ये कहकर वापस कर दिया गया कि तुम्हारी बेटी बिल्कुल ठीक है मिलने की जरूरत नहीं। इसके बाद 07 माह पूर्व ससुर शिवकुमार रात्रि 08 बजे के करीब सुनीता को उमरी बेगमगंज गांव के बाहर स्थित सरोवर के पास छोड़ कर दबे पांव गायब हो गए। पीड़िता सुनीता ने घर जाकर सारा वृतांत सुनाया,जिसे सुनकर घरवालों के पैरों तले से मानो जमीन खिसक गई। घरवालों ने सर्वप्रथम सुनीता का इलाज करवाया। उसके बाद कोतवाली में तहरीर दी,मगर पुलिस ने कोई सुनवाई नही की और हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। थक हार कर पीड़िता ने भाई के साथ दिनांक 22 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर न्याय की झोली फैलाकर मामले में कार्यवाही की मांग की है पीड़ित का आरोप है कि अगर उसकी सुनवाई यहां न हुई तो वो बहन को सीएम के चौखट पर ले जाकर न्याय की गुहार करेगा। कितनी हैरानी की बात है कि एक तरफ सीएम योगी आदित्यनाथ महिलाओं की सुरक्षा के दावे करते नहीं थक रहे हैं,वहीँ दूसरी ओर महिलाओं, बालिकाओं का खुलेआम शोषण होता है और संबंधित थाने की पुलिस जांच पड़ताल करना भी मुनासिब नही समझती। यही वजह है कि शोषित महिलाएं मुख्यालय जाकर आला हाकिमों के चौखट पर सिसकियाँ भरकर न्याय की झोली फैलाकर गुहार लगा रही हैं।

# स्मैक तस्करी व चोरी करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक नगर के मार्ग दर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी कैण्ट के नेतृत्व में, जनपद में हो रहे चोरी के अनावरण हेतु प्र0नि0 खोराबार व उनकी टीम को लगाया गया था । जिसके क्रम में उ0नि0 दीनबन्धु प्रसाद मय पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर सूचना पर अभियुक्त गौरजीत चौहान पुत्र स्व0 शिवनाथ चौहान, निग्राम अगेय, थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया, जामा तलाश से स्मैक व चोरी का 10290रु0 बरामद हुआ जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180/2023 धारा 380,454 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भा0द0वि0 की बढोत्तरी की गयी एवं मु0अ0सं0 183/2023 धारा 8/20 ठ्उद्धर अू३ पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# गन्ने में आग लगाने को लेकर मार पीटा

अमर ख्याल । अशोक सागर

गोंडा । परसपुर ग्राम बसंतपुर के नयापुरवा निवासिनी शिल्पी कश्यप नामक महिला ने गांव के तीन लोगों पर गन्ना की पाती जलाने का विरोध करने पर धमकी देते हुए उसे और उसकी जेठानी मीना की पिटाई किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की ओर से राजेंद्र कश्यप सहित तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# रविवार को तहसील परिसर में शांति व्यवस्था के लिए बुलाई गई बैठक

**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**लहरपुर/सीतापुर।** क्षेत्र में त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने में समाज के ही जिम्मेदार लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बैठक कर अधिकांश मामलों को पहले से ही सुलझा लेने की बहुत पुरानी परंपरा धीरे-धीरे चाटुकारों चापलूसो और प्रशासनिक अधिकारियों की गणेश परिक्रमा करने वाले दलालों तक सिमट कर रह गई है। गौरतलब है कि इस बार होली और शबएबारात के एक साथ पड़ने की वजह से शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण से शासन व प्रशासन पूरी तरह से गंभीर नजर आ रहे हैं। बीते दिनों जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ एक बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई थी इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों से अपने क्षेत्र में त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक करने के निर्देश दिए गए थे किंतु बीते रविवार को तहसील परिसर में शांति व्यवस्था के लिए बुलाई गई बैठक में केवल बैठक के नाम पर चाटुकारों दलालों का जमावड़ा ही देखा गया और इक्का-दुक्का लोगों को छोड़ दिया जाए तो पूरी बैठक में क्षेत्रीय पत्रकारों सहित समाज का कोई भी जिम्मेदार गणमान्य प्रबुद्ध नागरिक नजर नहीं आया। हालांकि इससे पूर्व कोतवाली प्रभारी द्वारा कोतवाली परिसर में प्रधानों के साथ व चौकी परिसर में कस्बे के लोगों के साथ एक बैठक भी आयोजित की जा चुकी है किंतु किसी भी बैठक में शासन व प्रशासन की मंशा के अनुरूप गणमान्य व जिम्मेदार नागरिक नजर नहीं आए अब प्रश्न यह उठता हैं कि क्या जिनके द्वारा शांति व्यवस्था बिगड़ने का खतरा था उन्हें प्रशासन ने बैठक में बुलाया था या समाज के गणमान्य जिम्मेदार नागरिकों को बुलाने की बजाय केवल दलालों चाटुकारों को बुलाकर बैठक के नाम पर जिले के आला अधिकारियों को गुमराह किया गया इन प्रश्नों के उत्तर तो उप जिलाधिकारी ही दे सकते हैं किंतु पीस कमेटी की बुलाई गई बैठकों की सार्थकता पर समाज के जागरूक लोगों के बीच एक प्रश्न चिन्ह जरूर बना हुआ है। इस संबंध में जब उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा से उनके सीयूजी नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर नहीं उठा।

# धमसड़ा लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोंडा** । धमसड़ा गांव में हुई लूट व फायरिंग के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।बीती 24 फरवरी को हुई चोरी व फायरिंग की घटना का पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने 27 फरवरी को खुलासा किया था। दो अभियुक्त पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। जबकि तीसरा पुत्तन निवासी ग्राम बरबटपुर फरार था। पुत्तन को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

# गोरखपुर में सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम बने



**अमर ख्याल संवाददाता गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा स्वीकृत गोरखपुर जनपद के कद्दावर नेता बृजेश कुमार गौतम को नव नियुक्त जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।**

# गोरखपुर में फूड प्वाइजनिंग से 100 से अधिक बीमार, प्रशासन के फुले हाथ पांव



**अमर ख्याल संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद में रविवार रात एक शादी समारोह के नाश्ते के दौरान 100 मेहमानों की तबीयत बिगड़ गई। शादी में पहुंचे ही नाश्ते में उन्होंने रसमलाई खाई थी। इसे खाते ही मेहमानों के पेट में दर्द शुरू हो गया और उल्टियां होनी लगीं। मेहमानों की हालत बिगड़ी तो उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना पिपराइच इलाके के गोदावरी मैरिज हाल में आयोजित शादी की है। मामला इतना बिगड़ गया कि आनन फानन में शादी की रस्मों अदा कर दुल्हन को विदा कर दिया गया। घटना के बाद 12 एम्बुलेंस के जरिए बीमारों को उल्ठउ पिपराइच, जिला अस्पताल और इफ्ळ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। देर रात तक करीब 40 मेहमानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि, बाकी का घर पर ही इलाज चल रहा है।

# खंड शिक्षा अधिकारी के मंशानुरूप में बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित, प्रिंस एकेडमी स्कूल

## (उक्त मामले में कार्यवाही ना कर बल्कि स्थानीय विभागीय कर्मचारी लिए कुंभकर्णी नींद)

अमर ख्याल संवाददाता

कटरा बाजार (गोण्डा) खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता के सांठगांठ करके मिलीभगत के चलते ही संचालित रहा बिना मान्यता प्राप्त के प्रिंस एकेडमी स्कूल, शासन के आदेश को खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता बिना मान्यता के स्कूल संचालित करवाकर आदेश को ताक पर रखकर जमकर धड़ल्ले से धज्जियां उड़ाते हुए मंसूबा पर लगा रहे पलीता। बिना मान्यता के संचालित स्कूल को पूर्णतया बंद करवाने हेतु शासन द्वारा आदेश समस्त जनपदों के जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया, वहीं दूसरी तरफ जनपद गोंडा के विकासखंड कटरा बाजार में बीआरसी कार्यालय से महज लगभग 500 मीटर दूरी पर स्थित प्रिंस एकेडमी स्कूल बिना मान्यता प्राप्त किए बेखौफ होकर धड़ल्ले से रहा संचालित। जब इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता से कई बार संपर्क स्थापित करना चाहे तो उन्होंने पत्रकार मोबाइल नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया, उक्त प्रकरण में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष के जरिए संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बिना मानता कि संचालित स्कूल को पूर्णतया बंद करवा कर आवश्यक संचालक के विरुद्ध जांचो उपरांत कार्यवाही की जाएगी। एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक से खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता ने कई बार स्कूल बंद करने के आदेश देने के उपरांत भी बिना मानता प्राप्त किए प्रिंस एकेडमी स्कूल रहा संचालित, आखिरकार कहीं ना कहीं खंड शिक्षा अधिकारी की उदासीनता के चलते ही प्रिंस एकेडमी स्कूल के संचालक बेखौफ होकर शासन व जिला अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बेखौफ होकर स्कूल संचालित करके शासनादेश के नियमों की उड़ा रहे धज्जियां। खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता के कार्यवाही ना करने व बिना मान्यता के स्कूल को पूर्णतया बंद ना करने पर बेखौफ प्रिंस एकेडमी के प्रधानाध्यापक का हौसला बुलंद होकर शासन व जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों का कतई नहीं रहा कोई खौफ, अब यह देखना है

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने दिया संगठित होने का

अमर ख्याल । राजेश कुमार



मथुरा। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (आईजेयू) मथुरा इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का एक भव्य आयोजन स्थानीय होटल में किया गया जिसमें जनपद भर से सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने भाग जमकर रंग संग गुलाल खेलकर भरपूर लुत्फ उठाया। समारोह में जनपद के दिग्गज वरिष्ठ पत्रकारों की सहभागिता ने पत्रकार एकता का एक नया संदेश देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

समारोह में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने की बात की वहीं उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु ने पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोष जताया। किशन चतुर्वेदी ने पत्रकारों के हितार्थ गोष्ठी व सम्मेलन कराने पर जोर दिया तो डॉ विजय विद्यार्थी ने पीड़ित पत्रकारों के लिए आर्थिक कोष बनाने का आव्हान किया। चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार ने कहा कि पत्रकारों के हितार्थ सरकार को पेंशन, स्वास्थ बीमा इत्यादि की सुविधा प्रदान यथाशीघ्र प्रदान करनी चाहिए। अजय शर्मा ने आयोजक संगठन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी । निरंजन प्रसाद धुरंधर दिनेश आचार्य मोहन श्याम शर्मा सुभाष सैनी शिवशंकर शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को पेंशन और दुर्घटना बीमा की सुविधा अवश्य मिलनी चाहिए।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार मधुसुदन शर्मा व रमेश चंद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में राजू पंडित परवेज अहमद गोपाल कौशिक प्रकाश सैनी वृषभान गोस्वामी योगेश भारद्वाज मदन गोपाल शर्मा मुकुल गौतम मोहनश्याम रावत बालकृष्ण अग्रवाल मनोज चौहान फैसल कुरैशी असफाक जाहिद अली अब्बास विष्णु गुप्ता मनोहर पटेल दीपक सारस्वत विवेकप्रिय आर्य सौमेन्द्र भारद्वाज रहीश कुरेशी सुरेश सैनी सुमित गोस्वामी अमित भार्गव मातुल शर्मा रवि चौधरी अमित शर्मा नरेंद्र गौतम महेश सिंह गोयल गोपाल चतुर्वेदी गौरव गोयल दिनेश सिंह तरकर श्याम सिंह आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# रंगो के संग ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अमर ख्याल राजेश कुमार

मथुरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र रिफाइनरी नगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली स्नेह मिलन का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस आयोजन मे परिचर्चा का विषय रहा - खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार.इस मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के कृष्णा दीदी ने बताया कि श्रेष्ठ समाज की आधारभूत नींव महिलाये ही है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था नारी शक्ति की जीवंत मिसाल है। इस संस्था की ग्रामीण इकाई से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर तक के प्रबंधन की बागडोर महिलाओ के हांथो मे है। आयोजन का शुभारंभ मेडिटेशन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. तत्पश्चात नारी शक्ति को दशार्ता एक मनमोहक नृत्य कुमारी रिया और ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मथुरा जिला कारागार की डिप्टी जेलर करुणेश ने समाज मे महिलाओं के प्रति बदलते दृष्टिकोण पर कई व्यवहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए। इंपल्स माइंड अकादमी की संचालिका दीपा गर्ग ने वर्तमान परिपेक्ष मे महिलाओं की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला. आशीर्वाद अस्पताल की संचालिका डॉ करुणा ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। सेवा केंद्र प्रभारी बीके कृष्णा बहन ने सभी को पटुका पहना कर और स्म्रती चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की.आयोजन मे समाज के विविध छेत्रो मे कार्यरत महिला शक्तिओं ने बड़ी संख्या मे सहभागिता की। मथुरा जिला कारागार की डिप्टी जेलर करुणेश, इंपल्स माइंड अकादमी से दीपा गर्ग, आशीर्वाद अस्पताल से डॉ करुणा, सी आई सी फ की इंस्पेक्टर मानक, मथुरा रिफाइनरी की मैनेजर हंसा परेथा आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन मथुरा रिफाइनरी की संविदा मैनेजर हंसा परेता और धन्यवाद ज्ञापन बी के नीलम बहन ने किया।

# पुलिस और आबकारी टीम ने दुकानें चेक की


अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे और जिला आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चंद्र के संयुक्त निर्देशन में पुलिस और आबकारी टीम ने शराब की दुकानों को चेक किया तथा अवैध रूप से बिकने वाली शराब से बचने के लिए जागरूक किया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी मांट और क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ मॉंट सर्किल मैं स्थित शराब की दुकानों की सघन चेकिंग कर बिक रही शराब की गुणवत्ता की जानकारी की गई इस कार्रवाई से शराब विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति देखी । पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों ने सुरीर क्षेत्र मे संचालित ईट भट्टे पर भट्टा मजदूरों को जागरूक करते हुए कहा अवैध रूप से बेजी जाने वाली शराब ना खरीदें और ना ही ऐसी शराब का सेवन करें यह घातक और जानलेवा हो सकती है यदि कहीं इस तरह की शराब बेजे जाने की जानकारी होती है तो इसकी सूचना इलाका पुलिस और डायल 112 पर दी जाए जिस पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखते हुए कार्यवाही की जाएगी।

# डीसीएम से 22 राशि गोवंश बरामद, तस्कर फरार



**अमर ख्याल मिर्जामुराद।** क्षेत्र के रखौना रिंग रोड के पास से सोमवार की तड़के मिजार्मुराद पुलिस ने डीसीएम 407 वाहन से 22 राशि गोवंश बरामद किया वही मौके से तस्कर भाग निकले। मिजार्मुराद थानाअध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि रखौना रिंग रोड के पास सोमवार के तड़के संदिग्ध वाहन चेकिंग किया जा रहा था तभी मुखबिर की सूचना पर प्रयागराज के तरफ से आ रही डीसीएम 407 आते दिखाई दिया डीसीएम को रोकने का इशारा किया गया तो डीसीएम चालक रिंग रोड के पास डीसीएम खड़ी कर के भाग निकला ।पुलिस द्वारा डीसीएम के पीछे से त्रिपाल हटा कर देखा तो उसमें गोवंश ठूस के भरे हुए थे वही कुछ गोवंश के मुंह से झाक निकल रहा था।

पुलिस ने खजुरी पुलिस चौकी के पास लाकर सभी गोवंश को बाहर निकले तो उसमें 22 राशि गोवंश ठूस के भरे हुए थे जिसमें गाय और बैल मिले वही 8 राशि बैल की मृत्यु हो चुकी थी ।डीसीएम नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक दिलशाद अहमद निवासी कोखराज सदका उपरहार भरवाटी कौशाम्बी समेत एक अज्ञात के खिलाफ धारा 3/5, ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर पुलिस तस्करों के तलाश में जुट गई ।बरामदगी करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान, एसआई नंदलाल कुशवाहा, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार कि रामभवन यादव रहे।

# तहसील राजातालाब में मनाई गई भव्य होली मिलन समारोह





**अमर ख्याल रोहनिया** ' तहसील राजातालाब परिसर में सोमवार को दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और रंग बरसे भीगे चुनर वाली होली गीत सहित तमाम होली गीतों पर जमकर एक दूसरे ने क्रम से मंच पर थिरके लगाए वही प्रयागराज जौनपुर वाराणसी चंदौली मिजार्पुर से आए हुए हास्य कवियों ने होली मिलन समारोह में उपस्थित अधिवक्ता सहित वादकारियो अच्छे अच्छे चुटकुले व गाना शायरी सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार राय,महामंत्री विजय भारती, पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह छेदी लाल यादव सर्वजीत भारद्वाज दिनेश शर्मा पूर्व महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह नंदकिशोर सिंह पटेल प्रदीप कुमार सिंह प्रदीप कुमार कनौजिया पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन राकेश राजभर मुस्ताक आलम इत्यादि अधिवक्ता साथी मौजूद रहे '

# बोलेरो के धक्के से युवक घायल

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के राने चट्टी के पास सोमवार की रात 8 बजे बोलेरो के धक्के से बाइक सवार भीषमपुर गांव निवासी मंगल पटेल घायल हो गया ।धक्का मारने के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत भाग निकला ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक के पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया वही युवक का बाया पैर फैक्चर हो गया है ।बाइक सवार युवक शादी का कार्ड देने मिजार्मुराद आ रहा था।

# किशोरी गायब, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**अमर ख्याल मिर्जामुराद।** क्षेत्र के एक गांव में बीते 1 मार्च को घर से स्कूल के लिए निकली 15 वषीर्या किशोरी रहस्यमय स्थित में गायब हो गई ।परिजनों द्वारा किशोरी का काफी खोजबीन किया गया जब किशोरी का कही भी पता नही चला तो रविवार की रात किशोरी के भाई विनोद कुमार कन्नौजिया ने बहन के गायब होने की तहरीर दिया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोमवार को अपरहण का मुकदमा दर्ज करने के बाद किशोरी के तलाश में जुट गए।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगा आयुष्मान मेगा कैम्प





**अमर ख्याल मिर्जामुराद।** क्षेत्र के ठठरा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को सेवापुरी स्वास्थ्य विभाग टीम व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के तत्वावधान से आयुष्मान भारत ⁄प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु आयुष्मान मेगा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सेवापुरी के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विरेंद्र चौहान द्वारा गोल्डेन कार्ड की बनाने की प्रक्रिया आयुष्मान योजना के लाभ को ग्रामीणों को बताया की कैम्प विशेष रूप से वंचित व वनवासी समुदाय कार्ड बनवा व प्राप्त कर सकते हैं ।कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के लाभ के विषय में विस्तार से बताया गया व आयुष्मान कार्ड से किस अस्पताल में किन बिमारियों का इलाज होगा। जिस सदस्य का अन्त्योदय कार्ड है उन्ही का आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाया जायेगा। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से रजनीश यादव द्वारा आयुष्मान योजना के बारे में जानकारी दिया गया कि ये योजना 2018 में आरम्भ किया गया इस योजना के माध्यम से जिनके पास आयुष्मान कार्ड है 5 लाख का इलाज कराया जा सकता है। इस दौरान कई गाँवो के लाभार्थी जिनका नाम सुची में है अन्तोदय कार्ड है उनका कार्ड बनाया गया। इस दौरान में ग्राम प्रधान ठठरा सुनील कुमार बिंद, सेवापुरी पीएचसी से रंजीत कुमार, आशा बहुएं, वमुन्नी तिवारी संगिनी के द्वारा 125 से अधिक लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वही पहले से बने कुल 180 कार्ड ग्रामीणों को वितरित किया गया इस दौरान शहनाज ,रंजीत मौर्या, अनिता गौतम, लक्ष्मी, उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ब्राम्हण क्रांतिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष मनोनीत किये गए पंडित उपदेश मिश्रा



अमर ख्याल जंसा/स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत खरगूपुर के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित उपदेश मिश्रा उर्फ सनी को राष्ट्रीय ब्राम्हण क्रांतिकारी संगठन का वाराणसी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि संगठन के द्वारा वाराणसी के वरिष्ठ समाजसेवी उपदेश मिश्रा उर्फ सनी के समाज के प्रति अटूट प्रेम व समर्पण को देखते हुए वाराणसी के जिला अध्यक्ष पद पर मनन किया जाता है ऐसे में हमारा संगठन सदैव समाज के दबे कुचले वंचित व पीड़ित जनों की आवाज को उठाने का कार्य करती है एवं हर संभव मदद के साथ मजबूती भरा कदम उठाती है पंडित उपदेश मिश्रा उर्फ सनी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद क्षेत्र के संभ्रांत लोगों द्वारा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# सीआरपीएफ भाईचारा ग्रुप के सदस्यों ने केके पाठक को उपनिरीक्षक जीडी के पद पर पदोन्नत होने पर दी बधाई





अमर ख्याल वाराणसी/सीआरपीएफ भाईचारा ग्रुप के लोगों ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के परिसर में सोमवार को बैठक कर सीआरपीएफ के जवान केके पाठक को उपनिरीक्षक जीडी के पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दी तथा इस अवसर पर उपस्थित सी आरपीएफ भाईचारा ग्रुप के सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कोई जवान सेवानिवृत्त होकर अपने गांव जाता है तो उनका सीआरपीएफ भाईचारा ग्रुप के जवान उनके गांव पहुंचकर उनका मान सम्मान बढ़ाएं तथा तथा चाहे सेवानिवृत्त जवान हो या निवर्तमान में तैनात जवान हो एक दूसरे का सहयोग और मदद करते रहना चाहिए जिससे समाज में सीआरपीएफ भाईचारा ग्रुप का संदेश लोगों तक पहुंचे और यदि किसी भी जवान के घर कोई बड़े बुजुर्ग का देहांत होता है तो के सदस्य उनके अंतिम का संस्कार में जाकर हर संभव मदद करें जिससे उनके परिवार का समाज में मान सम्मान बड़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय कुमार दुबे मनोज कुमार मौर्य लाल बहादुर संजय यादव वीर बहादुर पाठक सुनील सिंह रूपेंद्र उपाध्याय त्रिवेणी सहित दर्जनों जवान उपस्थित रहे।

## लोक कल्याणकारी बजट से होगा प्रदेश का चहुंमुखी विकास, जयपुर जिले को मिलीं एक से बढ़कर एक सौगात - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री - मंत्री श्री परसादी लाल मीणा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

महंगाई से राहत पर शनिवार को सभी जिलों में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किए गए। इसी क्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार, जयपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस साल का बजट बचत, राहत, बढ़त वाला रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को पैसे की बचत होगी, उन्हें महंगाई से राहत मिलेगी और राजस्थान आगे बढ़ेगा। इसी प्रबंधन की बदौलत हमारी आर्थिक विकास दर 11.04 प्रतिशत है, जिसके कारण राज्य तेजी से बढ़ रहा है।

**चिरंजीवी योजना में मिल रहा 25 लाख का बीमा**

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बचत के लिए योजनाएं लाई जा रही हैं, जिससे आमजन के पास पैसा आए और बचत करने का मौका हो। हर परिवार को 25 लाख रुपये का चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। वही, 30,000 बच्चों को कोचिंग लेने पर अनुप्रति कोचिंग योजना के माध्यम से पूरी फीस सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 500 बच्चों के विदेश में पढ़ाई करने पर पूरी फीस राजीव गांधी स्कलरशिप के तहत सरकार वहन करेगी तो वही मनरेगा एवं इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिन का काम भी मिलेगा।

**8 रुपए में मिल रहा स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन**

श्री मीणा ने कहा कि इन्दिरा रसोई में 8 रुपये में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब 1000 नई इन्दिरा रसोई खोली जाएंगी, जो कि शहरों के साथ-साथ बड़े कस्बों में भी खुलेंगी। ठेके पर अब कोई कर्मचारी नहीं रखे जाएंगे. जो ठेके पर हैं उन्हें सरकारी कंपनी के तहत काम में लिया जाएगा। पार्ट टाइम मानदेय कर्मियों जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कुक, फर्राश आदि को रिटायरमेंट पर 2-3 लाख रुपये का पैकेज दिया जाएगा। इतना ही नहीं, कामधेनु पशु बीमा योजना में 40 हजार का बीमा हर परिवार में 2 दुधारू पशुओं को दिया जाएगा।

**ओल्ड पेन्शन स्कीम का बढ़ाया दायरा**

मीडियाकर्मियों को सम्बोधित करते हुये श्री मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के कार्मिकों के साथ बोर्ड, निगम, सरकारी कंपनियों एवं विश्वविद्यालय के कार्मिकों को भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। अब पहली से 12वीं क्लास तक आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में फ्री शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से राहत देने के लिए इस बजट में 19,000 करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है। गरीब परिवारों को महंगाई से राहत देने के लिए प्रत्येक एनएफएसए परिवार को गेहूं के साथ एक किलो दाल, चीनी, नमक, खाद्य तेल एवं मसाले भी निशुल्क दिए जाएंगे।

























# ऑस्ट्रेलिया को अपने निचले क्रम के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास जगाने की जरूरत: विटोरी

एजेंसी ■ अहमदाबाद

ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नौ मार्च से यहां शुरू हो रहे चौथे और अंतिम टेस्ट मैच से पहले टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों से अधिक साहसिक प्रदर्शन करने और कुछ उपयोगी रन जुटाने की अपील की है। भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने पहले दो टेस्ट मैचों में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया का आठ से लेकर 11 नंबर तक के बल्लेबाज श्रृंखला में अभी तक केवल पांच रन प्रति पारी की दर से ही रन बना पाए हैं। कप्तान पैट कमिंस ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट मैच में 33 रन बनाए थे। इसी मैच में नाथन लियोन ने 10 रन की पारी खेली थी।



ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों में से केवल यही दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे हैं। कमिंस अपनी मां के बीमार होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं जिससे उनकी टीम का निचला क्रम और कमजोर हो गया है। विटोरी ने कहा कि चौथे टेस्ट मैच से पहले टीम प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ को निचले क्रम के बल्लेबाजों में अधिक आत्मविश्वास भरना चाहिए।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है की पैट कमिंस ने दिल्ली में पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की थी और मुझे लगता है कि निचले क्रम के चार बल्लेबाजों को यह समझ आ गया है कि यह कैसे करना है और वह ऐसा कैसे कर सकते हैं। इसके लिए बस थोड़ा साहस की जरूरत है। विटोरी ने न्यूज़.काम.एयू से कहा, इन परिस्थितियों में जिस तरह से गेंद अधिक टर्न ले रही है और हम जितने अच्छे गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं उसे देखते हुए मुझे लगता है कि हम सभी समझते हैं कि रक्षण इससे बाहर निकलने और रन बनाने का तरीका नहीं है।




कतर मेजर प्रीमियर पैडल 2023 के फाइनल मुकाबला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ फ्रैंको स्टुपाजुक एवं मार्टिन डी नेनो।

## एक नजर

### सीनियर महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप 25 मार्च से

**नई दिल्ली।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग दौर 25 मार्च को देश के छह स्थानों पर शुरू होगा, जिसमें 31 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को छह ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य दौर में 12 टीमें होंगी। इसमें ग्रुप चरण की तालिका में शीर्ष पर रहने वाली छह टीमों के अलावा पांच अन्य सर्वश्रेष्ठ टीमों को जगह मिलेगी। रेलवे की टीम को मुख्य दौर में सीधा प्रवेश दिया गया है। मुख्य दौर में 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस टूर्नामेंट को पिछले तीन बार जीतने वाला मणिपुर रिकॉर्ड 21 बार का चैंपियन रहा है।

### नांदल और चौफ्ला रैक्टलॉन ओपन में शीर्ष दो स्थान पर रहे

**मुंबई।** सिद्धार्थ नांदल और विक्रमादित्य चौफ्ला यहां खार जिमखाना में तीसरी अखिल भारतीय रैक्टलॉन ओपन चैंपियनशिप में शीर्ष दो स्थान पर पर रहे। रैक्टलॉन एक संयोजन खेल है जिसमें प्रतिभागियों को टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वॉश चार रैकेट खेल खेलने होते हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त नांदल को रविवार को खेली गए फाइनल में चौफ्ला ने कड़ी टक्कर दी। नांदल ने मुकाबला 21-11, 21-11, 22-20 से जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौफ्ला को रजत से संतोष करना पड़ा।

### जोकोविच ने परीबस ओपन से नाम वापिस लिया

**इंडियन वेल्स।** कोरोना का टीका लगवाए बिना अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने बीएनपी परीबस ओपन टेनिस से नाम वापिस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने रविवार की रात को यह घोषणा की। टूर्नामेंट बुधवार से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा। अमेरिका में कोरोना से जुड़े प्रतिबंध 11 मई को खत्म होंगे जिसके बाद विदेशी यात्री टीके के बिना भी यहां आ सकेंगे। जोकोविच के बाहर होने से निकोलोज बासिलाश्विली को मौका मिला है।

### क्वेटा को हराकर इस्लामाबाद पीएसएल प्लेऑफ में

**रावलपिंडी।** हरफनमौला फ्हीम अशरफ ने आखिरी ओवर में लगातार तीन चौके लगाए जिसकी मदद से इस्लामाबाद युनाइटेड ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को दो विकेट से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया। क्वेटा ने छह विकेट पर 179 रन बनाए थे, इस्लामाबाद को आखिरी ओवर में नौ रन चाहिए थे। अशरफ 39 रन बनाकर नाबाद रहे जिन्होंने तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ को पहली तीन गेंद पर तीन चौके लगाए। इस्लामाबाद ने तीन गेंद बाकी रहते आठ विकेट पर 183 रन बनाए।

## शॉर्ट न्यूज

### सेन जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई, श्रीकांत हटे

**मूलहेम।** विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया जिससे पिछले साल के उपविजेता लक्ष्य सेन भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सेन के साथ हाल ही राष्ट्रीय चैम्पियन बने मिथुन मंजूनाथ से टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने पिछले सत्र के सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को हराया था लेकिन वह फाइनल में हार कर खिताब से चूक गए थे। इस 21 साल के खिलाड़ी को इस टूर्नामेंट में छठी वरीयता दी गई है।

वह अपने अभियान का आगाज फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ करेंगे जबकि शुरुआती चुनौतियों से पार पाने के बाद वह क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। सेन ने कहा, मैं क्वार्टर फाइनल में ली जी जिया का सामना कर सकता हूं, इसलिए इसका इंतजार कर रहा हूं। मैंने लय हासिल करने के लिए काफी मेहनत की है। ऐसे में ऑल इंग्लैंड से पहले अच्छी फॉर्म हासिल करने की उम्मीद है।

अपने पहले राष्ट्रीय खिताब के बाद आत्मविश्वास से लबरेज मंजूनाथ को हालांकि शुरुआती दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू की चुनौती से निपटना होगा। साइना नेहवाल और मालविका बंसोड़ भी महिला एकल ड्रॉ में हैं, जबकि अश्विनी पोनप्पा और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी भी यहां चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में फिजियो मैथ्यूज की मदद लेंगे लक्ष्य सेन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप सहित यूरोपीय सर्किट में होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के दौरान फिट रहने के लिए मशहूर फिजियोथेरेपिस्ट हीथ मैथ्यूज की सेवाएं लेंगे। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सेन लगातार तीन प्रतियोगिताओं जर्मन ओपन (सात से 12 मार्च), ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप (14-19 मार्च) और स्विस ओपन (21-26 मार्च) में हिस्सा लेंगे। सेन ने पीटीआई से कहा, बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के बाद सत्र पूर्व अभ्यास के लिए हीथ मैथ्यूज दो सप्ताह के लिए बेंगलुरु में थे। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मेरी रिक्वरी बेहतर हो।

यह 10 दिन का अभ्यास सत्र था और मैंने कड़ी मेहनत की और उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं पूरी तरह से फिट रहूं। उन्होंने कहा, मैं दिन में छह घंटे खेल रहा हूं तथा दो से तीन घंटे फिटनेस को दे रहा हूं ताकि इतनी बड़ी प्रतियोगिता से पहले किसी तरह का कोई मसला नहीं रहे। मैं इन प्रतियोगिताओं के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ फिटनेस में रहना चाहता हूं।

मैंने कहा, वह (मैथ्यूज) ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में मेरे साथ रहेंगे ताकि मैं शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में रहूं। इसलिए मेरी तैयारियां कुल मिलाकर अच्छी तरह से चल रही हैं और मैं अपने स्तर को हासिल करने के करीब हूं। सेन ने इससे पहले पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों से पूर्व मैथ्यूज की सेवाएं ली थी जब उन्होंने कंधे की चोट से उबरने के बाद वापसी की थी।

### भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने नेपाल को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**भिवानी।** भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 मैच में नेपाल को 92 रन से हराकर श्रृंखला 3 . 0 से जीत ली। भारत ने पहला मैच 152 रन से और दूसरा 153 रन से जीता था। तीसरे मैच में भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 198 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाज योगेंद्र भदौरिया ने 42 गेंद में 76 रन की पारी खेली। जवाब में नेपाल की टीम 17 ओवर में 106 रन पर आउट हो गई। भारतीय टीम को जीत के साथ डेढ लाख रूपए ईनाम के तौर पर मिले जबकि नेपाल को 85000 रूपए मिले। इस श्रृंखला का आयोजन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने किया था।

### मैड्रिड ने बेटिस से ड्रॉ खेला

**मैड्रिड।** कोपा डेल रे सेमीफाइनल के पहले चरण में मैड्रिड को । . 0 से हराने वाली बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में वालेंशिया को एक गोल से हराकर दूसरे स्थान पर काबिज मैड्रिड पर नौ अंक की अहम बढत ले ली।

वहीं मैड्रिड ने रीयाल बेटिस से गोलरहित ड्रॉ खेला। बार्सीलोना के लिए पहले हाफ में विजई गोल राफिन्हा ने दागा। वहीं दूसरे मैच में मैड्रिड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन विनिशियस जूनियर, करीम बेंजीमा और रौद्रिगो गोल करने में नाकम रहे। बार्सीलोना और मैड्रिड आखिरी लीग मैच 19 मार्च को कैंप नोउ में खेलेंगे। अन्य मैचों में वालाडोलिड ने एस्पानियोल को 2 .। से हराया। वहीं रायो वालेकानो ने एथलेटिक बिलबाओ से गोलरहित ड्रॉ खेला।

# चौथे टेस्ट में भी कप्तान होंगे स्मिथ, कमिंस बीमार मां के पास आस्ट्रेलिया में

एजेंसी ■ अहमदाबाद

आस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां के पास आस्ट्रेलिया में ही हैं और उनकी गैर मौजूदगी में चौथे और आखिरी टेस्ट में स्टीव स्मिथ ही कप्तानी करेंगे। कमिंस की अनुपस्थिति में स्मिथ ने इंदौर टेस्ट में भी टीम की कमान संभाली थी। दिल्ली टेस्ट के बाद कमिंस अपनी मां के बीमार होने के कारण स्वदेश रवाना हो गए थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि कमिंस अब भी सिडनी में ही हैं। आखिरी टेस्ट के बाद तीन वनडे मैच खेले जाने हैं और कमिंस के खेलने को लेकर फैसला बाद में होगा। स्मिथ की कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने इंदौर टेस्ट नौ विकेट से जीता था। भारत श्रृंखला में 2 .। से आगे है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए उसे आखिरी टेस्ट जीतना ही होगा। आस्ट्रेलिया जून में लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट



चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। स्मिथ ने इंदौर टेस्ट के बाद कहा कि उन्होंने कप्तानी का पूरा मजा लिया लेकिन यह कमिंस की टीम है। उन्होंने कहा , मेरा समय निकल गया।

अब यह पैट की टीम है। उसे कठिन हालात में घर जाना पड़ा। हमारी संवेदनाएं उसके साथ हैं। उन्होंने कहा , मुझे भारत में कप्तानी करना पसंद है। हर गेंद रोमांचक होती है और काफी मजा आता है। वेबसाइट ने यह भी बताया कि 17 मार्च से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला के लिए चोटिल झाय रिचर्डसन की जगह नाथन एलिस टीम में होंगे।

### आखिरी टेस्ट में स्वाभाविक अंदाज में रन बनाना चाहते हैं कारी



**इंदौर।** आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कारी का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में रक्षात्मक खेलने की बजाय अपनी स्वाभाविक शैली में बल्लेबाजी करने से वह अधिक रन बना सकेंगे। कारी अभी तक श्रृंखला में 56 रन ही बना सके हैं। उनका मानना है कि टर्न लेती पिचों पर खेलने की आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की अपनी शैली है और वह नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू हो रहे आखिरी टेस्ट में अपने अंदाज में खेलेंगे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा , पहले टेस्ट में मेरे भीतर आत्मविश्वास नहीं था और दूसरे में रक्षात्मक अंदाज में खेलते हुए आउट हो गया। अब मैं अपने स्वाभाविक तरीके से खेलूंगा। अपने स्वीप शॉट खेलूंगा। भारत में अपनी शैली में ज्यादा बदलाव करके खेलना सही नहीं होता। आस्ट्रेलिया ने यहां होलकर स्टेडियम पर तीसरा टेस्ट नौ विकेट से जीता हालांकि भारत अभी भी श्रृंखला में 2 .। से आगे है। कारी ने कहा , हम सभी जानते हैं कि हमारे खिलाड़ी अलग तरह से खेलते हैं। ट्रेविस हेड आक्रामक खेलता है तो पीटर हैंडस्कांब तेजी से खेलता है और स्टीव स्मिथ का अपना तरीका है। अहमदाबाद टेस्ट में हम अपने स्वाभाविक अंदाज में ही खेलेंगे।

## बिली जीन किंग कप के लिए भारतीय टीम में नए चेहरे, शालिनी कप्तान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वैदेही चौधरी को लगातार अच्छे फॉर्म के कारण आगामी एशिया ओशियाना ग्रुप एक मुकाबले के लिए भारत की बिली जीन किंग कप टेनिस टीम में चुना गया जबकि अनुभवी अंकिता रैना और करमन कौर थांडी भी टीम में हैं। चौधरी ने हाल ही में गुरूग्राम में दूसरा आईटीएफ महिला एकल खिताब जीता था जिसमें उन्होंने हमवतन संदीप्ति सिंह को हराया। पांच खिलाड़ियों की टीम में सहजा यमलापल्ली भी हैं जबकि रूतुजा भोसले भी टीम में अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रही हैं। रिया भाटिया को नंदन बल की अगुवाई वाली चयन समिति ने टीम में नहीं चुना। ये मुकाबले 10 अप्रैल से ताशकंद में खेले जाएंगे। बल ने



कहा, हम युवाओं को उनक अच्छे प्रदर्शन का ईनाम देना चाहते थे। वैदेही और सहजा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वैदेही ने तो अंकिता को भी हराया है। एआईटीए ने विशाल उप्पल की जगह शालिनी ठाकुर चावला को कप्तान बनाया है जो पिछले मुकाबले में कोच थी। राधिका कानितकर नई कोच होंगी जबकि अजीता गोयल फिजियो होंगी।

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि इस कदम के पीछे कोई राजनीति या एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा, इस कदम के लिए कोई संदेश नहीं है। यह सिर्फ एक बदलाव है। उन्हें (विशाल उप्पल) बर्खास्त नहीं किया गया है। यह एक महिला टीम है और हमें सिर्फ महिला कोचिंग स्टाफ चाहिए था। खेल मंत्रालय भी इसका समर्थन करता है। विशाल बहुत मेहनती है और उसे और भविष्य में कोई और जिम्मेदारी दी जाएगी। उप्पल ने कहा कि उन्हें फैसले के बारे में सूचित नहीं किया गया था। लेकिन धूपर ने कहा कि एआईटीए ने हरियाणा राज्य संघ की सुमन कपूर से कहा था कि वह उप्पल को कप्तान नहीं बनाए जाने के फैसले से अवगत करा दे। उप्पल ने कहा, कप्तान के तौर पर मेरा प्रदर्शन खुद बयां करता है। मुझे नहीं पता कि उन्होंने यह बदलाव क्यों किया।

## भारत में पिचों को लेकर हाय-तौबा समझ से परे : कास्प्रोविच

एजेंसी ■ मेलबर्न

पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत में पिचो को लेकर मची हाय-तौबा (हाइप) समझ से परे है क्योंकि वे विशुद्ध भारतीय विकेट हैं और आस्ट्रेलिया को उनके अनुरूप ढलना होगा। भारत में 29 साल के अंतराल पर आस्ट्रेलिया की पहली जीत (1998) के शिल्पकारों में रहे कास्प्रोविच ने द ऐज से कहा , मुझे पिच को लेकर यह हाय-तौबा समझ में नहीं आ रही। ए पारंपरिक भारतीय विकेट हैं और पता नहीं इन्हें लेकर इतना हल्ला क्यो हो रहा है। भारत में इकलौती टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम (2004) का हिस्सा रहे इस पूर्व खिलाड़ी कहा , इंदौर टेस्ट में विकेट ज्यादा टर्न ले रहा था लेकिन मैच सुबह जल्दी शुरू होने




से शायद थोड़ी नमी रही हो। दिन में बाकी समय उतना टर्न नहीं मिल रहा था। भारत ने नागपुर और दिल्ली टेस्ट जीते लेकिन इंदौर में आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की। पहले दो टेस्ट की पिचों को आईसीसी ने औसत करार दिया जबकि इंदौर की पिच को खराब कहा। पूर्व कप्तान मार्क टेलर और मार्क वॉ समेत कई पूर्व खिलाड़ियों ने इंदौर की पिच की निंदा की। कास्प्रोविच ने कहा , मुझे 1998 का बेंगलुरू टेस्ट याद है जहां सूखी पिच दिख रही थी। उस पर कोई घास नहीं थी लेकिन दरारें थी।

**विवाद** | विश्व चैम्पियनशिप : राष्ट्रीय महासंघ पर भेदभाव का आरोप

# टीम में जगह नहीं बना पाने पर तीन मुक्केबाजों ने कोर्ट का रुख किया

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने वाली मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन मंजू रानी, शिक्षा नरवाल और पूनम पूनिया ने सोमवार को राष्ट्रीय महासंघ पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है और मंगलवार को मामले की सुनवाई करेगा। इस रिट याचिका में तीनों मुक्केबाजों ने तर्क दिया कि उन्हें छोड़कर दिसंबर 2022 में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को भारतीय टीम में जगह दी गई है। इसके मुताबिक,



याचिकाकर्ताओं ने महिला विश्व चैंपियनशिप में चयन के लिए उनके नाम पर विचार करने के लिए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है, लेकिन उन्हें कोई सार्थक परिणाम नहीं मिला। विश्व चैंपियनशिप (2019) की रजत पदक विजेता मंजू ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब नौ अन्य मुक्केबाजों (जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल की) का सीधा चयन हो गया तो रेलवे की टीम से जुड़े हम तीनों को क्यों नहीं चुना गया। उन्होंने कहा, हमने इस बार में बीएफआई (भारतीय मुक्केबाजी महासंघ) को लिखा और अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। बीएफआई ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना टीम चुनने का मानदंड नहीं था।

बीएफआई के अनुसार उसने पुरुषों और महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए नई चयन नीति का पालन किया। इसमें मंजू (48 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा) तथा पूनम (60 किग्रा) 12 सदस्ईय टीम में जगह नहीं बना सकीं। हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) बर्नार्ड डन के परामर्श से तैयार की गई नई नीति में मुक्केबाजों को तीन सप्ताह तक एक मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमें उन्हें विभिन्न मानदंडों पर परखा जाता है। एचपीडी, भास्कर भट्ट और सीए कुट्टपा (महिला और पुरुष टीमों के मुख्य कोच) ने इसमें मुक्केबाजों का आकलन कर एक रैंकिंग सूची बनाई गई जिसमें 12 राष्ट्रीय चैंपियनों में से नौ पहले स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंगस (634), प्रीति (623) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लम्बोरिया (612) ने इस मूल्यांकन परीक्षा में क्रमशः मंजू (564), शिक्षा (573) और पूनम (567) से आगे रहते हुए टीम में जगह बनाई। बीएफआई सचिव हेमंत कलिता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने सुनिश्चित किया कि सभी मुक्केबाजों को नई चयन नीति के बारे में पता हो, यह वेबसाइट पर भी है। वे मूल्यांकन के बारे में शिविर में भी जानते थे। हमने उन्हें हिंदी इस पूरी प्रक्रिया के बारे में बता दिया था। मंजू से जब पूछा गया कि क्या उन्हें इस मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में पता था, तो उन्होंने कहा, हमें शिविर के दौरान मूल्यांकन के बारे में बताया गया था, लेकिन यह नहीं बताया गया था कि हमें इसके आधार पर रैंकिंग दी जाएगी। उन्होंने नीतू का जिक्र करते हुए कहा, जिन लड़कियों का चयन किया गया है, उनमें से कुछ ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा भी नहीं की थी, ऐसे में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करने का क्या मतलब था।

टिप्स

## टमाटर से आएगा चेहरे पर निखार

**टमाटर हर किचन में पाया जाता है। यह न सिर्फ खाने के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि टमाटर आपके हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। वहीं आपने दादी-नानी के नुस्खे में टमाटर के कई उपयोग सुने होगें। यह आपकी खूबसूरती को भी बढ़ाने का काम करता है। चेहरे पर टमाटर को मलने से मैल साफ होता है। साथ ही त्वचा के पोर्स में कसाव आता है।**



### टमाटर के टुकड़े को चेहरे पर रगड़ें

टमाटर को काटकर इसके टुकड़े को आप अपने त्वचा पर अच्छे से मल लें। इसके बाद चेहरे को 15 से 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर साफ पानी से मुंह धो लें। जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है वह टमाटर को ऐसे ही चेहरे पर मलें। वहीं ड्राई स्किन वालों को टमाटर के स्लाइस में कुछ बूंदे ऑलिव ऑयल मिक्स कर लें। इससे आपके चेहरे पर निखार आएगा।

### टमाटर का जूस

चेहरे पर टमाटर को कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा आप टमाटर का जूस निकाल लें। इस जूस में एक चम्मच शहद और पानी या गुलाब जल की कुछ बूंदे मिक्स कर लें। फिर इसको आइस ट्रे में सेव कर लें। क्यूब को अपने चेहरे पर धीरे-धीरे अप्लाई करते हुए मसाज करें। ड्राई त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए आप इस नुस्खे का उपयोग कर सकते हैं।

### दही और टमाटर

चेहरे को साफ और ग्लोइंग बनाने के लिए आप एक चम्मच टमाटर का जूस, एक चम्मच शहद और दो बूंद ऑलिव ऑयल मिला लें। अब इस मिश्रण को सही से मिक्स कर अपने चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। इसे लगाने के बाद चेहरे को 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद साफ पानी से चेहरा धुल लें। यह उपाय चेहरे को हाइड्रेट रखता है।

### नींबू और टमाटर

नींबू और टमाटर की मदद से आपका चेहरा दमकने लगेगा। इस के लिए आप कसे हुए टमाटर में नींबू का रस मिला लें। फिर इसमें एक चम्मच बेसन को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस पैक को अपने चेहरे ऐऔर गर्दन पर लगाएं और 20 मिनट तक लगा रहने दें। इस उपाय से आपके स्किन की टैनिंग दूर होती है।

### मुल्तानी मिट्टी और टमाटर

मुल्तानी मिट्टी के भी बहुत सारे फायदे होते हैं। वहीं मुल्तानी मिट्टी और टमाटर को साथ मिलाकर लगाने से आपके चेहरे पर अलग ही निखार आएगा। इसके लिए आप टमाटर को कस लें और उस रस में मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल की कुछ बूंदे और एच चम्मच ताजे कड़ी के पत्ते का पेस्ट मिला लें। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे पर बीस मिनट के लिए लगाकर सूखने के लिए छोड़ दें। इससे आपकी स्किन में निखार आएगा।

### चंदन और टमाटर

चेहरे पर ग्लो लाने कि लिए एक बाउल में कसा हुआ टमाटर, एक चम्मच कच्चा दूध और आधा चम्मच चंदन को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद इसे चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर 10 मिनट बाद धो लें। इस घरेलू फेस पैक से आपके चेहरे पर गजब का निखार आता है।

होली-जागरुकता

## रंग से बेजान स्किन में लाएं निखार

केमिकल वाले रंग आपकी स्किन के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। जो आपकी स्किन पर बुरी तरह से नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में रंग खेलने से पहले आपको अपनी त्वचा का जरूर ध्यान रखना चाहिए। वहीं केमिकल युक्त कलर से आपकी त्वचा रूखी और बेजान भी हो सकती है। वहीं कुछ लोगों को रंगो से एलर्जी भी होती है। जिस कारण उनकी त्वचा पर इसका साफ असर दिखता है। यहां हम कुछ तरीकों पर चर्चा करेंगे, जिनसे स्किन को सही रखने में मदद मिलेगी।

### पेट्रोलियम जेली

होली खेलने से पहले रात में गर्दन, गले, पैरों और नाखूनों पर पैट्रोलियम जेली लगा लें। इस दौरान आप बादाम, नारियल या जैतून के तेल की भी मालिश कर सकती हैं। वहीं लड़कियां अपने नाखूनों को रंगों से बचाने के लिए नेल पॉलिश भी लगा सकती हैं। इससे आपके नाखून भी प्रभावित नहीं होगे। साथ ही पेट्रोलियम जैली से आपकी स्किन पर भी असर नहीं पड़ेगा।

### खुद को यूं रखें हाइड्रेटेड

जब आपका शरीर अंदर से स्वस्थ होता है तो बाहरी तौर पर भी इसका साफ असर देखने को मिलता है। इसके लिए आप होली से पहले और होली के बाद में खुद को हाइड्रेटेड रखना न भूलें। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करते रहना चाहिए। वहीं इस दौरान तरल पदार्थ और रसदार फलों का भी सेवन करें। होली में कई तरह के पकवान बनते और खाए जाते हैं। जो आपके शरीर को डिहाइड्रेटेड कर देते हैं। इससे आपकी त्वचा का निखार गायब हो जाता है। इसलिए खुद को हाइड्रेटेड जरूर रखें।

### होठों की देखभाल

होली के दौरान होठों की देखभाल करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप होठों पर लिप बाम लगाकर रखें। होली के रंगों का आपकी त्वचा के साथ ही होठों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। लेकिन लिप बाम के इस्तेमाल से होली के रंग आपको होठों को प्रभावित नहीं कर सकेंगे। वहीं लिप बाम के इस्तेमाल से कटे-फटे और रूखे होठों को भी फायदा मिलता है। ऐसे में होली के कुछ दिन पहले से ही आप लिप बाप का प्रयोग करना शुरू कर दें। जिससे कि आपके होंठ अगर कटे-फटे हैं तो वह सही हो जाएं।

### त्वचा को रगड़ने से बचें

कई लोग होली के रंगों को छुड़ाने के लिए स्किन को रगड़-रगड़कर साफ करते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपकी स्किन रंगों के प्रभाव के कारण कट या फट सकती है। रंगों से स्किन सेंसिटिव हो जाती है। इसलिए रगड़ने की बजाय रंग छुड़ाने के लिए फोम वाले फेस वॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं चेहरे पर हार्श क्लेंजर के इस्तेमाल से बचना चाहिए। रगड़ने से आपकी त्वचा और चेहरा दोनों के खराब होने की संभावना होती है।

### मॉश्चराइजर

रंग छुड़ाने के बाद आपकी त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इसके लिए आप अपनी बॉडी को मॉश्चराइज करना न भूलें। केमिकल युक्त रंग चेहरे और स्किन की नेचुरल नमी और ऑइल्स को सोख लेते हैं। जिससे आपकी त्वचा रूखी और डैमेज हो जाती है। इसलिए रंग खेलने से पहले और रंग खेलने के बाद अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर मॉश्चराइजर जरूर लगाएं।

### फेसपैक

होली के रंगों को छुड़ाने के बाद त्वचा का खोया निखार वापस लाने के लिए आप फेसपैक को चेहरे पर लगा सकते हैं। फेसपैक लगाते समय यह ध्यान रखें कि इसका आपकी स्किन पर कोई नुकसान न हों। वहीं चेहरे के निखार को वापस लाने के लिए आप घरेलू फेसपैक का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बेसन, हल्दी, दही, शहद, चंदन और ग्रीन टी आदि का इस्तेमाल कर अपने लिए फेसपैक बना सकते हैं। जिससे आपके चेहरे का खोया हुआ निखार फिर से वापस आ जाएगा।



## काली पीठ चमकेगी ऐसे...

**पीठ की काली पड़ चुकी त्वचा को फिर से पहले जैसा बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको नींबू के रस के साथ मिलाकर बस कुछ चीजों को लगाना है।**

### एलोवेरा-नींबू का रस

एक कटोरी में दो नींबू का रस निचोड़ लें।
इसमें दो बड़े चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। अगर ये फ्रेश हो, तो और भी अच्छा रहेगा।
दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें और पीठ पर अप्लाई करें।
एक-दो मिनट तक इस मिश्रण से मसाज करें और फिर लूफा की मदद से स्क्रबिंग करें।
पीठ को हल्के गरम पानी से धो लें।

### बेसन

हर घर में बेसन जरूर मौजूद होता है और बस यही चीज आपको स्किन के कालेपन से छुटकारा दिलाने में मदद करेगी।
कटोरी में एक टेबलस्पून बेसन लें।इसमें एक नींबू का रस निचोड़कर डालें।
इसमें दो चम्मच दही और एक चम्मच गुलाब जल मिलाएं।
मिक्स को पीठ पर लगाएं और स्क्रब करें। इसके बाद इसे 5 मिनट लगा छोड़ दें।
गीले हाथों से स्क्रब करते हुए बेसन को पीठ से साफ करें और फिर उसे वॉश कर लें।



### सावधानी

नींबू के कारण स्किन पर जलन की समस्या हो सकती है। अगर ये बहुत ज्यादा महसूस हो, तो तुरंत पीठ धो लें।
स्किन की टैनिंग बहुत डीप है, तो इसका उपचार खुद करने की जगह एक्सपर्ट से परामर्श लें।
अगर किसी भी होम रेमिडी से स्किन पर दिक्कत महसूस हो, तो उसका उपयोग तुरंत रोक दें।
पूरी पीठ पर पैक लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।
पीठ पर दिख रहा कालापन या फिर ब्लैक पैच किसी मेडिकल कंडिशन की ओर भी इशारा हो सकते हैं, इसलिए डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

टिप्स

## सबको चाहिए ग्लोइंग और हेल्दी स्किन, मगर...



सभी लोग अपनी जिंदगी में कभी न कभी मुहासों की समस्या को लेकर परेशान होते हैं। इस दौरान हमारे शरीर में हॉर्मोन्स काफी अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन कई बार मुहासे निकलने का कुछ अन्य कारण भी हो सकता है। कुछ लोग अपनी बॉडी में जरूरत से ज्यादा टॉक्सिन्स भरने लगते हैं, ऐसे में भी यह समस्या सामने आती है। वहीं घटिया क्वॉलिटी के कॉस्मेटिक और स्टेरॉयड्स बेस्ड दवाइयां लेने लेने के कारण भी कई बार मुहासे निकलने लगते हैं।

**खाना**

अगर आपको भी साफ, ग्लोइंग और फ्लॉलेस स्किन चाहिए तो आपके खाने-पीने पर भी ध्यान देना चाहिए। साथ ही ऐसी स्किन पाने के लिए यह भी मायने रखता है कि आप क्या खा रहे हैं। एक्ने की समस्या को जड़ से मिटाने के लिए इसके निकलने की असली वजह को पहचानना जरूरी है। आप इस समस्या को समझने के लिए हेल्थकेयर प्रोवाइडर की भी मदद ले सकते हैं।

**आयुर्वेदिक क्वाथ**

एक्ने और मुंहासे की समस्या से निजात पाने के लिए हामंजिष्ठादि क्वाथ जैसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी से तैयार सिरप का सेवन कर सकती हैं। ऐसी चीजें आपकी बॉडी के खून को साफ करने का काम करती हैं। खून के टॉक्सिन फ्री होने के कारण आपको बार-बार होने वाले एक्ने की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

**सावधानी**

एक्ने की समस्या को बाय-बाय करने के लिए और खून को साफ करने के लिए आपको अपने खाने-पीने की आदत पर कंट्रोल करना होगा। इस दौरान आपको जंक फूड, कोल्डड्रिंक्स और चॉकलेट आदि चीजों से दूर रहना चाहिए। आलू, चिप्स, पिज्जा, तले हुए स्नैक्स, फरसान को खाने-पीने से एक्ने फिर से आना शुरू हो सकते हैं। क्योंकि इन चीजों में काफी ज्यादा ट्रांसफैट होता है। जिसके कारण फेस पर एक्ने आने लगते हैं।

हेल्दी चीजें खाएं

एक्ने की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको अपने खाने में ताजे फल, फाइबर, ताजी सब्जियां और गुड फैट्स की मात्रा को बढ़ाना चाहिए इन चीजों का सेवन आपकी स्किन पर सकारात्मक असर दिखाएगा। इन चीजों का सेवन करने और जंक फूड को बाय बोलने से आपको अपनी स्किन टेक्सचर में फर्क साफ नजर आने लगेगा।

## युवा फैशन डिजाइनरों के साथ मनाया महिला दिवस



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, सैक्टर-62 नौएडा स्थित सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने ट्रिप्टिक 2023 वार्षिक फैशन शो आयोजित किया, जिसमें टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन डिजाइन, फैशन कम्युनिकेशन, पीजीडीएफडी और लाइफस्टाइल एक्सेसरीज से संबंधित 61 छात्राओं ने15 थीम्स पर आधारित अलग-अलग कलेक्शन पेश किए गए, जो महिलाओं के विभिन्न भूमिकाओं और संदर्भों से संबंधित थे।

सत्यम संस्थान की चेयरपर्सन स्नेह सिंह और सेक्रेटरी प्रदीप गुप्ता ने छात्रों के जोश और रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वार्षिक फैशन शो ट्रिप्टिक 2023 का शानदार आयोजन सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ वंदना जगलान और वाईस प्रिंसिपल डॉ नीतू मल्होत्रा की निगरानी में किया गया।

सत्यम फैशन इंस्टिट्यूट की उभरती डिजाइनर छात्राओं ने अपनी जिन 15 क्रिएटिव थीम्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया वो थी लिवा, धरित्री, इंडी ब्लिस, डार्क ब्लूम, जूफिलिस्ट, तासीर, मेराकी, ट्रूली ट्राइबल, कलर योर प्रोफेशन, चेंज अहेड, स्लाइस इट अप, परिवर्तन, हीलर्स-द इंस्पिरेशनल एंजल्स, छाप और हैंडलूम-माय प्राइड। डिज़ाइनर छात्राओं के यह कलेक्शन अपने आप में खूबसूरती, शुद्धता, स्पष्टता और रायल्टी का प्रतीक थे। उन्होंने पारम्परिक हस्तकला एवं आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अतीत एवं भविष्य का अनूठा संयोजन पेश किया। प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनरस और इस इंडस्ट्री की प्रतिष्ठित हस्तियों ने इस समारोह में गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में शिरकत की और विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस शानदार समारोह में शामिल होने वाले प्रमुख प्रतिष्ठित अतिथि थे श्री रवि कुमार पासी, मिस शशि नांगिया, मिस नीतू सिंह, मिस सोनिया जेटली, डॉ. मुकेश शर्मा, मिस किरण शर्मा, राजीव बंसल, मनीष त्रिपाठी, मिस तन्मय द्विवेदी, मिस अंजलि साहनी, गगन साहनी, डीके सिंह, हिमेन्द्र गुप्ता, किशन तिवारी, मिस सपना तिवारी, मिस सोनिल जैन, कौशिक शील, मनीष आहूजा, दीपक गुप्ता, मिस अंजली मोहता, साहिल चौधरी, डॉ कपिल किशोर और मिस शिवांगी किशोर।

टेक्सटाइल डिज़ाइन श्रेणी में बेस्ट सरफेस एक्सप्लोरेशन का पुरस्कार हनी शर्मा, मणि शर्मा और रिया त्यागी द्वारा डिज़ाइन किए गए तासीर संग्रह को प्रदान किया गया। तान्या सिंह और कृतिका यादव द्वारा डिजाइन किए गए डार्क ब्लूम संग्रह ने सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक संग्रह का पुरस्कार जीता, जबकि आकांक्षा शर्मा और कृतिका माहेश्वरी द्वारा डिजाइन किए गए जूफिलिस्ट संग्रह को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन संग्रह का पुरस्कार मिला।

## वार्डरोब में रखें खास ड्रेसेज, स्टाइलिश दिखने में होगी आसानी

**भले ही आपकी वार्डरोब में बहुत सारे फैशनेबल कपड़े हों, लेकिन हर दिन क्या पहना जाए। इस परेशानी से हर लड़की गुजरती थी। आपके वार्डरोब में इन कपड़ों के होने से आपका लुक ज्यादा स्टाइलिश बनेगा। ये कपड़े हर लड़की को वार्डरोब में होने चाहिए।**

### व्हाइट शर्ट

एक ही लुक रिपीट करना कई बार बोरिंग भी हो जाता है। जिसके कारण आप उन कपड़ों को इग्नोर करने लगते हैं। अपने लुक को चेंज करने के लिए हर लड़की के वार्डरोब में एक व्हाइट शर्ट जरूर होनी चाहिए। व्हाइट शर्ट को आप अलग-अलग बॉटम वियर के साथ कैरी कर खुद को अलग लुक दे सकती हैं। वहीं जींस, पलाजो, पैंट और स्कर्ट के साथ आप व्हाइट शर्ट को पहन सकती हैं। इससे आपका लुक अलग दिखेगा।

### डार्क ब्लू और ब्लैक जींस

डार्क ब्लू और ब्लैक जींस हर लड़की के वार्डरोब में जरूर होना चाहिए। बता दें कि डार्क ब्लू और ब्लैक जींस का फैशन कभी नहीं जाता। जब आप रोज-रोज के लुक से बोर हो जाएं तो शर्ट-टीशर्ट और कुर्ती के साथ डार्क ब्लू और ब्लैक जींस पहन सकती हैं। इसके साथ ही आप बूट कट जींस भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपके लुक को और अधिक स्मार्ट बनाने में मदद करेगा। नैरो फिट जींस को इस साल पहनने से बचाना चाहिए।

### डेनिम जैकेट

डेनिम जैकेट कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती। इसलिए अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपके भी वार्डरोब में एक डेनिम जैकेट तो जरूर होनी चाहिए। इस डेनिम जैकेट की मदद से आप खुद को नया लुक दे सकती हैं। आप डेनिम जैकेट को प्लेन टॉप, रेगुलर टीशर्ट, मैक्सी ड्रेस और शॉर्ट ड्रेस के साथ भी पहन सकती हैं। यह आपके लुक को कैजुअल और स्मार्ट बनाने में मदद करती है।



### ब्लैक लेगिंग

हर लड़की को अपनी वार्डरोब में ब्लैक लेगिंग्स को जगह जरूर देनी चाहिए। ब्लैक लैगिंग को आप लॉन्ग टॉप, लॉन्ग टीशर्ट, कुर्ती और स्कर्ट के साथ कैरी कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर हम सभी ऐसे कपड़े पहनना चाहते हैं, जो आरामदायक हो। इसके लिए लेगिंग बेस्ट ऑप्शन होती है। जिससे आप कंफर्ट महसूस करते हैं। साथ ही लेगिंग को आप वॉकिंग और ट्रेवलिंग के दौरान भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप भी लेगिंग ट्राई करने का सोच रही हैं तो इसे हिप कवरिंग टॉप के साथ पहनें।

### ब्लेजर

ब्लेजर आपके लुक की खूबसूरती को और बढ़ा देता है। भले ही आपको ब्लेजर थोड़ा बोरिंग लगता हो। लेकिन जब बात फॉर्मल्स की आती है तो साथ में बल्जेर कैरी करना चाहिए। यह आपके लुक को एलीगेंट बना देगा। हालांकि आप अपने लुक को अच्छा दिखाने के लिए इसे ऐसे भी कैरी कर सकती हैं। इस दौरान इस बात का जरूर ध्यान रखना चाहिए कि ब्लेजर आपके हिसाब से फिट होना चाहिए। अगर यह फिट नहीं होगा तो यह आपके लुक को बिगाड़ भी सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।